कोटद्वार, शनिवार
29 मार्च 2025
वर्ष: 46
अंक: 310 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### नंदप्रयाग चमोली एनएच 14 अप्रैल तक हल्के वाहनों के लिए रहेगा बंद

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : नन्दप्रयाग भूस्खलन क्षेत्र के उपचार कार्य हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग 07 नन्दप्रयाग-चमोली को 28 मार्च से 14 अप्रैल तक यातायात हेतु प्रतिबंधित किया गया है। प्रभारी जिलाधिकारी आरके पाण्डेय ने बताया कि आगामी चारधाम यात्रा को आवागमन हेतु सुलभ एवं सुचारू किए जाने को लेकर नन्दप्रयाग भूस्खलन क्षेत्र का मलबा हटाया जाना है। इस दौरान हल्के वाहनों की आवाजाही चमोली कोठियाल सैण नन्दप्रयाग से की जाएगी। वहीं भारी वाहनों के लिए प्रातः 05 बजे से 08 बजे, दोपहर में 01 बजे से 02 बजे व रात्रि 06 बजे से 09 बजे आवाजाही हेतु अनुमति प्रदान की गयी है।

### खाई में गिरने से असम के युवक की मौत

नई टिहरी। देवप्रयाग पौड़ी मार्ग पर युवक का संतुलन बिगड़ने से असम का एक युवक गंगा नदी की ओर गहरी खाई में गिर गया। चट्टानों के बीच गिरने से युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। असम निवासी युवक रेल परियोजना की नवयुगा कंपनी में दो दिन पहले ही काम करने पहुंचा था। सूचना पर पहुंची बाह बाजार पुलिस व एसडीआरएफ ने युवक के शव को खाई से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए पौड़ी भेज दिया। थाना प्रभारी बाह दीपक तिवारी ने बताया कि युवक की पहचान 28 वर्षीय शन्तू दास पुत्र कृष्ण दास ग्राम पट्टा खोरी पोस्ट चिरागी बाजार थाना राताबाड़ी जिला करीमगंज असम के रूप में हुई है। घटना की सूचना नवयुगा कंपनी व युवक के परिजनों को दी है।

### बीमा कंपनी को 13.29 लाख रुपये भुगतान के आदेश

काशीपुर। अधिकरण मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर/द्वितीय अपर जिला जज काशीपुर रितेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत में बीमा कंपनी को 13.29 लाख रुपये बीमा प्रतिकर के रूप में देने के आदेश दिए हैं। बीती 18 अप्रैल 2023 को फरमान पुत्र महमूद हुसैन निवासी भट्टा कालोनी, जसपुर की देहरादून हाईवे पर धामपुर के पास सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। जिसके बीमा प्रतिकर के लिए मृतक के परिजनों की ओर से अधिवक्ता अब्दुल सलीम ने वाद दायर किया था। मामला द्वितीय अपर जिला जज की अदालत में चला। अधिवक्ता की ओर से मृतक के पिता महमूद हुसैन व मौके के चश्मदीद गवाह आसिफ हुसैन को न्यायालय में परीक्षित कराया। इसके बाद न्यायालय ने विपक्षी बीमा कंपनी को 13,29,604 रुपये मय 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दावा दायर करने की तिथि से भुगतान करने के आदेश दिए।

### बरेली में किशोरी से दुष्कर्म, अस्पताल में भर्ती

बरेली ,। उत्तर प्रदेश के बरेली रेलवे स्टेशन के पास एक किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। सूचना पर जीआरपी ने उसे जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे निजी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। एसपी जीआरपी आशुतोष शुक्ला ने बताया कि आरपीएफ वालों को एक बच्ची मिली थी। उन्होंने उसे जीआरपी को सौंपा है। प्रथम दृष्टया यह लग रहा है कि लडक़ी के साथ दुष्कर्म की घटना हुई है। बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सुरक्षाबलों ने पांच आतंकवादियों को किया ढेर

जम्मू ,जम्मू–कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकवाद विरोधी अभियान में मारे गए आतंकवादियों की संख्या बढक़र पांच हो गई है। शुक्रवार को जंगल में दो और शव बरामद किए गए, जहां वे छिपे हुए थे। वहीं, तीन पुलिसकर्मी शहीद हो गए, जबकि सात सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, कठुआ जिले के सूफियान जखोले गांव के घाटी हाइट्स में आतंकवाद विरोधी अभियान में पांच आतंकवादी मारे गए। वहीं, जम्मू–कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के तीन जवान शहीद हो गए। इस ऑपरेशन में डिप्टी एसपी बॉर्डर धीरज कटोच और सेना के एक पैरा कमांडो समेत सात सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। घायलों को जम्मू शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डिप्टी एसपी का इलाज कठुआ के सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल में चल रहा है। शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि देते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा, मैं जम्मू–कश्मीर पुलिस के वीर शहीदों को नमन करता हूं, जिन्होंने हमारी मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।



कठुआ में चल रही मुठभेड़ में कई आतंकवादियों को मार गिराया गया है। जम्मू–कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बल काम पर लगे हुए हैं। ऑपरेशन जारी है। शुक्रवार तडक़े सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के खिलाफ अभियान फिर से शुरू किया। रविवार को सान्याल गांव में देखे गए आतंकवादियों की संख्या और सफियान जाखोले गांव के घाटी हाइट्स में अब तक पांच आतंकवादियों के मारे जाने के तथ्य को देखते हुए यह पुष्टि होती है कि यह वही समूह है जो सान्याल गांव से भाग निकला था और घाटी हाइट्स के माध्यम से कठुआ जिले के बिलावर में घुसने की कोशिश कर रहा था।

### सौरभ हत्याकांड : जेल में बंद साहिल और मुस्कान को मिला सरकारी वकील, दूसरी मांग भी हुई पूरी

मेरठ , मेरठ के चर्चित सौरभ हत्याकांड में जेल में बंद मुख्य आरोपी साहिल और उसकी साथी मुस्कान की एक और मांग जेल प्रशासन ने पूरी कर दी है। अदालत ने उनकी पैरवी के लिए सरकारी वकील नियुक्त कर दिया है। अपर जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अधिवक्ता रेखा जैन को इस मामले में साहिल और मुस्कान का प्रतिनिधित्व करने के लिए नियुक्त किया है। मेरठ जेल प्रशासन के माध्यम से साहिल और मुस्कान ने अदालत से अनुरोध किया था कि उन्हें कानूनी सहायता के लिए एक सरकारी वकील उपलब्ध कराया जाए। इस पर कार्रवाई करते हुए अदालत ने कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए रेखा जैन को उनकी पैरवी के लिए नियुक्त कर दिया है। मेरठ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उदयवीर सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि न्यायिक प्रक्रिया के तहत आरोपियों को वकील उपलब्ध कराना अनिवार्य है। अब अधिवक्ता रेखा जैन न्यायालय में मुस्कान और साहिल की ओर से उनकी बचाव पक्ष की दलीलें पेश करेंगी।

गौरतलब है कि इससे पहले साहिल ने जेल अधिकारियों से अपने बाल छोटे करने की इच्छा जताई थी, जिसे जेल प्रशासन ने स्वीकार करते हुए उसके बाल कटवा दिए थे। जेल अधिकारियों का कहना है कि जेल में सभी बंदियों को अनुशासन का पालन करना होता है और किसी भी बंदी की वैध मांग को नियमों के अनुसार पूरा किया जाता है।

# जल उन्नति, प्रगति जीवन और विकास का मुख्य आधार : धामी

### भागीरथ मोबाइल एप का शुभारंभ और ब्रोशर का विमोचन किया

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जल संरक्षण अभियान 2025 की थीम ''धारा मेरा, नौला मेरा, गांव मेरा, प्रयास मेरा'' पर आधारित भागीरथ मोबाइल एप का शुभारंभ और ब्रोशर का विमोचन किया। इस एप के माध्यम से लोग अपने क्षेत्र के क्रिटिकल और संकटग्रस्त जल स्त्रोतों की जानकारी साझा कर सकेंगे। एप के माध्यम से चिन्हित स्त्रोतों का सरकार द्वारा पुनर्जीवीकरण की दिशा में कार्य किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल उन्नति, प्रगति जीवन और विकास का मुख्य आधार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में जल संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। इसमें जन सहयोग भी लिया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के अभियान को ग्राम स्तर से राज्य स्तर तक व्यापक रूप से चलाया जायेगा। शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में जल संरक्षण अभियान 2025 के अंतर्गत आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के जल स्त्रोतों, नौलों, धारों तथा वर्षा आधारित नदियों का संरक्षण करने के उद्देश्य से स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी (सारा) का गठन किया है। सारा ने विगत वर्ष विभिन्न विभागों के मध्य सहयोग एवं समन्वय स्थापित कर प्रदेश के लगभग 6500 से अधिक जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु उपचार कार्य करने के साथ ही लगभग 3.12 मिलियन घन मीटर वर्षा जल का संचयन करने में भी सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि सारा द्वारा, जहां एक ओर, मैदानी क्षेत्रों में केन्द्रीय भू-जल बोर्ड के सहयोग से भू-जल रिचार्ज हेतु विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं। वहीं, प्रदेश की नदियों को पुनर्जीवित करने के अपने प्रथम चरण में तकनीकी एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर नयार, सौंग, उत्तरवाहिनी शिप्रा एवं गौड़ी नदी के उपचार के लिए आईआईटी, रूड़की एवं एनआईएच रूड़की के सहयोग से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट भी तैयार की जा रही है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने कहा कि जल संरक्षण अभियान 2025 एक अभियान मात्र नहीं है। राज्य की जल संपदाओं का संचयन, संरक्षण राज्यवासियों की सहभागिता से किया जा रहा। इस अभियान के तहत ग्राम स्तर पर धारा नौला संरक्षण समिति गठित है, जिससे प्रत्येक स्तर पर ग्राम वासियों की भागीदारी सुनिश्चित हो।

# 250 तक आबादी वाली बसावटों को सड़क से जोड़ने का काम शुरू

**प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना चौथे चरण के लिए सर्वे पूरा, 8750 किमी. लंबी 1490 बाराहमासी ग्रामीण सड़कों का होगा निर्माण**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : प्रदेश में न्यूनतम 250 तक की आबादी वाली बसावटों को बाराहमासी सड़क से जोड़ने का काम शुरू हो गया है। केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत चौथे चरण की गाइडलाइन जारी कर दी गई है, जिसके क्रम में उत्तराखंड ग्राम्य विकास विभाग ने 8750 किमी. लंबी 1490 सड़कों के निर्माण का सर्वे पूरा कर लिया है। सड़क विहीन गांवों के लिए केंद्र सरकार की ओर से वर्ष 2000 में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना शुरु की गई थी। योजना के प्रथम तीन चरण पूरे हो चुके हैं। जिसमें 2001 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर न्यूनतम 250 की आबादी वाले गांवों को सड़कों से जोड़ा जा चुका है। अब केंद्र



सरकार ने योजना के तहत चौथे चरण की गाइडलाइन भी जारी कर दी है, जिसके तहत 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर न्यूनतम 250 तक की आबादी वाली सभी बसावटों को सड़क से जोड़ा जाना है। इस गाइड लाइन के आधार पर उत्तराखंड में कुल 8750 किमी. लंबी, 1490 ग्रामीण सड़कों का सर्वे पूरा हो चुका है। सचिव ग्राम्य विकास राधिका झा ने बताया कि सर्वे के बाद इन सड़कों के लिए डीपीआर बनाने का काम भी शुरू कर दिया गया है, जिसे अंतिम मंजूरी के लिए जल्द केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा। सड़कों के साथ जरूरत के अनुसार पुलिया, कॉजवे और बड़े पुलों का भी निर्माण किया जाएगा। योजना की गाइडलाइन के मुताबिक, आबादी का निर्धारण राजस्व गांव या पंचायत के आधार पर नहीं बल्कि, एक निश्चित दायरे में रहने वाली आबादी को जोड़कर किया जाएगा। उत्तराखंड में डेढ़ किमी. के दायरे में मौजूद बसावटों को एक साथ जोड़कर आबादी का निर्धारण किया जाएगा, जबकि अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे विकासखंडों में दस किमी. के दायरे में मौजूद बसावटों का जोड़कर आबादी का निर्धारण किया जाएगा। इसका लाभ उत्तराखंड जैसी छोटी बसावट वाले राज्य को मिलेगा। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत उत्तराखंड के छोटे-छोटे गांवों तक सड़क पहुंचाई जा रही है। अब आबादी के लिए कलस्टर को मानक बनाए जाने से, उत्तराखंड की कम आबादी बसावटों तक भी सड़क पहुंच पाएगी।

### मायावती ने अखिलेश यादव पर किया कटाक्ष

लखनऊ ,उत्तर प्रदेश के आगरा में समाजवादी पार्टी (सपा) के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के घर हुए हमले को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने अखिलेश यादव पर निशाना साधा। यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 30 वर्ष पुरानी घटना का जिक्र करते हुए पश्चाताप करने की मांग की है।

मायावती ने शुक्रवार सुबह एक्स पर दो पोस्ट किए। पहली पोस्ट में मायावती ने कहा, आगरा की हुई घटना के साथ–साथ सपा मुखिया अखिलेश यादव को इनकी सरकार में 2 जून 1995 को लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड में इस पार्टी द्वारा मेरे ऊपर कराया गया जानलेवा हमला भी इनको जरूर याद कर लेना चाहिए तथा इसका पश्चाताप भी जरूर करना चाहिए।

उन्होंने दूसरी पोस्ट में कहा, अतः आगरा घटना की आड़ में अब सपा अपनी राजनीतिक रोटी सेंकना बंद करे और आगरा की हुई घटना की तरह यहां दलितों का उत्पीडऩ और ज्यादा न कराए।

# पीएम मोदी करेंगे थाईलैंड और श्रीलंका की यात्रा

### बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में लेंगे भाग

नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 अप्रैल से 6 अप्रैल तक थाईलैंड और श्रीलंका की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे।थाई प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा के निमंत्रण पर, पीएम मोदी 6वें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 03–04 अप्रैल को बैंकॉक का दौरा करेंगे। 4 अप्रैल को होने वाले इस शिखर सम्मेलन की मेज़बानी बिम्सटेक के वर्तमान अध्यक्ष थाईलैंड कर रहा है। यह पीएम मोदी की थाईलैंड की तीसरी यात्रा होगी। यह 2018 में नेपाल के काठमांडू में आयोजित चौथे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के बाद बिम्सटेक नेताओं की पहली आमने–सामने की बैठक भी होगी। 5वां बिम्सटेक शिखर सम्मेलन, मार्च 2022 में कोलंबो, श्रीलंका में वर्चुअली आयोजित किया गया था। छठे शिखर सम्मेलन का विषय है 'बिम्सटेक – समृद्ध, लचीला और खुला। यात्रा की घोषणा करते हुए, विदेश मंत्रालय ने कहा, नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान बिम्सटेक सहयोग को और अधिक गति



देने के तरीकों पर विचार–विमर्श करने की उम्मीद है। बयान में कहा गया, भारत क्षेत्रीय सहयोग और साझेदारी को मजबूत करने के लिए बिम्सटेक में कई पहल कर रहा है, जिसमें सुरक्षा बढ़ाना, व्यापार, निवेश को सुविधाजनक बनाना, भौतिक, समुद्री, डिजिटल संपर्क स्थापित करना, खाद्य, ऊर्जा, जलवायु और मानव सुरक्षा में सहयोग करना, क्षमता निर्माण और कौशल विकास और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ाना शामिल है। द्विपक्षीय मोर्चे पर, प्रधानमंत्री मोदी 3 अप्रैल को प्रधानमंत्री शिनावात्रा के साथ बैठक करेंगे। मीटिंग में मौजूदा सहयोग की समीक्षा की जाएगी और दोनों देशों के बीच भविष्य की साझेदारी के रोडमैप पर चर्चा की जाएगी। भारत और थाईलैंड के बीच मजबूत सभ्यतागत संबंध हैं, जो दोनों देशों की समुद्री निकटता से और मजबूत होते हैं। थाईलैंड की अपनी यात्रा के बाद, प्रधानमंत्री मोदी श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के निमंत्रण पर 04–06 अप्रैल तक राजकीय यात्रा पर श्रीलंका जाएंगे। यात्रा के दौरान, वे राष्ट्रपति दिसानायके के साथ चर्चा करेंगे उच्च स्तरीय चर्चाओं के अलावा, पीएम मोदी वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों और राजनीतिक नेताओं से मिलेंगे। वह भारतीय वित्तीय सहायता वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए अनुराधापुरा का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने आखिरी बार 2019 में श्रीलंका का दौरा किया था। इससे पहले, श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके ने पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना था, जो दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को दर्शाता है।

# जनता से किया सभी वायदे पूरे कर रही है धामी- महाराज

### प्रदेश सरकार के सेवा सुशासन और विकास के तीन वर्ष पूरे होने पर भव्य आयोजन

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्ग दर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में देवभमि उत्तराखण्ड को आदर्श राज्य के रूप में विकसित करने के लिये सरकार लगातार प्रयासरत है। राज्य की जनसांख्यिकी एवं उसके देवभूमि स्वरूप को बरकरार रखने के लिये राज्य सरकार ने समान नागरिक संहिता, धर्मान्तरण कानून, दंगारोधी कानून, सशक्त भू कानून, नकल विरोधी कानून जैसे ऐतिहासिक और साहसिक कदम उठाये हैं। उक्त बात प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, जलागम, मंत्री एवं चैबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र स्थित विकासखंड मुख्यालय पोखड़ा में शुक्रवार को आयोजित प्रदेश सरकार के सेवा सुशासन और विकास के तीन वर्ष पूरे



होने के अवसर पर आयोजित जन सेवा बहुउद्देशीय एवं स्वास्थ्य शिविर में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कही।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और चैबट्टाखाल विधायक महाराज ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश की जनता से जो भी वादे किये हैं वह सभी पूरे किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने इन तीन वर्षों में शानदार ऐतिहासिक कार्य किये हैं। समान नागरिक संहिता लागू करने वाला उत्तराखण्ड आज देश का पहला राज्य बन गया है। जिसे 01 जुलाई 2024 से राज्य में लागू भी कर दिया गया है। उत्तराखण्ड राज्य के चिन्हित आन्दोलनकारियों व उनके आश्रितों को राजकीय सेवा में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिये जाने का प्राविधान किया है।

उन्होंने कहा कि जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत अनुसूचित जाति के छात्र–छात्राओं को शहरी क्षेत्र में शिक्षा ग्रहण करने हेतु निशुल्क आवासीय व्यवस्था के तहत 15 राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों का संचालन किया जा रहा है। राज्य में पहली बार टिहरी एक्रो फेस्टिवल का आयोजन किया गया। जिसमें 26 देशों के 54 विदेशी तथा 120 देशी पैराग्लाइडिंग पायलटों द्वारा प्रतिभाग किया गया। पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उत्तरकाशी के जखोल को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव का पुरस्कार, जनपद बागेश्वर के सूपी को सर्वश्रेष्ठ साहसिक गांव पुरस्कार, जनपद पिथौरागढ़ के ग्राम गुंजी एवं उत्तरकाशी के हर्षिल को सर्वश्रेष्ठ जीवंत गांव का पुरस्कार प्रदान किया गया। जीवंत गांव योजना के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के जादुंग गांव जो कि 1962 के भारत–चीन युद्ध के समय खाली कराया गया था वहां के जीर्ण–शीर्ण भवनों का पुनर्निमाण कर उन्हें होमस्टे के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### वाराणसी नगर निगम का बड़ा फैसला, नवरात्र में नहीं खुलेंगी मांस की दुकानें

वाराणसी , वाराणसी नगर निगम ने नवरात्रि के पावन पर्व को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। नगर निगम के उपसभापति नरसिंह दास बाबा ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में सभी मांस और मछली की दुकानें नवरात्र के दौरान बंद रहेंगी। इस निर्णय को नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया। धार्मिक नगरी काशी की परंपराओं और श्रद्धालुओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किया गया है। नगर निगम ने साफ किया है कि अगर कोई दुकानदार इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और मुकदमा भी दर्ज किया जा सकता है। काशी को सनातन संस्कृति का केंद्र माना जाता है, जहां नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा की पूजा–अर्चना बड़े धूमधाम से होती है। ऐसे में इस आदेश को श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं के सम्मान में लिया गया निर्णय बताया जा रहा है। इससे पहले नगर निगम ने जनवरी में ऐसा आदेश जारी किया था। नगर निगम ने काशी विश्वनाथ मंदिर के दो किलोमीटर के दायरे में मांस–मछली की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# पहाड़ के नौ जिलों में 84 बांडधारी डॉक्टर तैनात

देहरादून। स्वास्थ्य विभाग को 84 नए एमबीबीएस डाक्टर मिल गए हैं। राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर से पास आउट इन बांडधारी डॉक्टरों को प्रदेश के नौ पर्वतीय जिलों में तैनाती दी गई है। इसकी सूची मुख्य चिकित्साधिकारियों को सौंप दी गई है। ताकि प्राथमिकता के आधार पर इन्हें दूरस्थ चिकित्सा इकाईयों में तैनात किया जा सके। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रदेश के अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं के अपग्रेडेशन को राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों सहित विभिन्न संवर्गों में पैरामेडिकल स्टॉफ की तैनाती से स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार हो रहा है। इसी क्रम में श्रीनगर मेडिकल कॉलेज से पास आउट 84 बांडधारी डॉक्टरों को तैनाती दी गई।

इन डॉक्टरों को संबंधित सीएमओ प्राथमिकता के आधार पर खाली पदों के आधार पर अस्पताल आवंटित करेंगे। पौड़ी, अल्मोड़ा में 15 डॉक्टरों, पिथौरागढ़ में 11, बागेश्वर में छह, चमोली, रूद्रप्रयाग में नौ नौ, उत्तरकाशी, टिहरी में सात, सात चम्पावत में पांच डॉक्टर को भेजा गया है। डॉक्टरों की तैनाती प्राथमिकता के आधार पर दुर्गम, पर्वतीय क्षेत्रों के अस्पतालों में दी जाएगी। 20 दिन के भीतर तैनाती स्थान पर योगदान देना होगा। अपनी योगदान आख्या संबंधित जिले के सीएमओ को देनी होगी। नियुक्ति पांच वर्ष के लिए तय मानदेय पर की गई है। बॉण्ड के उल्लंघन पर इनके खिलाफ अनुबंध की शर्तों के अनुरूप सख्त कार्रवाई की जाएगी। बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में डॉक्टरों की तैनाती से स्वास्थ्य सुविधाएं और बेहतर होंगी। स्थानीय स्तर पर लोगों को उपचार मिल सकेगा।

# हरियाणा में कांग्रेस के पूर्व विधायक की करोडो की संपत्ति जब्त, करोड़ो के घोटाले में है फरार

चंडीगढ़ ,पूर्व कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छोक्कर और उनके बेटों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हरियाणा में बड़ी कार्रवाई चल रही है। ईडी ने उनके कारोबार मेसर्स साईं आइना फार्मर्स प्राइवेट लिमिटेड से 44 करोड़ रुपये का माल जब्त किया है, जो छोक्कर और उनके दो बेटों सिकंदर छोक्कर और विकास छोक्कर का है। कुछ महीनों से भगोड़ा, कोर्ट के आदेश पर पेश होने का आदेश काफी समय से धर्म सिंह छोक्कर और उनके बच्चे कानूनी पचड़ों से बचने की कोशिश कर रहे हैं। गैर जमानती वारंट जारी होने के बावजूद धर्म सिंह छोक्कर और विकास पेश नहीं हुए। कोर्ट ने जवाब में कई नियम लागू करते हुए कार्रवाई की है साईं आइना फार्म्स और



अन्य फर्मों की आड़ में छोक्कर और उसके साझेदारों ने कई लोगों को ठगा है।

धर्म सिंह छोक्कर हरियाणा के पानीपत जिले के समालखा विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत ईडी ने उन पर कार्रवाई की है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि छोक्कर की कंपनी ने 3700 से ज्यादा घर खरीदारों को ठगा और 500 करोड़ रुपये से ज्यादा का गबन किया। घर गिरवी रखने वाले लोगों से रकम हासिल की गई, लेकिन न तो कोई रिफंड दिया गया और न ही घर दिया गया।

**दिल्ली–एनसीआर में करोड़ों की संपत्ति जब्त**

ईडी ने दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद और पानीपत में स्थित धर्म सिंह छोक्कर और उसके वंशजों की करोड़ों की संपत्ति जब्त की है। जब्त की गई वस्तुओं में शामिल हैं:13 अचल संपत्तियों में 2,487 वर्ग मीटर वाणिज्यिक भूमि, 3 एकड़ कृषि भूमि और आठ आवासीय इकाइयाँ शामिल हैं।

### कपड़ा फैक्ट्री में हुआ बड़ा हादसा, बायलर फटने से 3 मजदूरों की मौत, 6 घायल

गाजियाबाद ,जनपद गाजियाबाद के भोजपुर थाना क्षेत्र स्थित दतेड़ी गांव में एक कपड़ा फैक्ट्री में बॉयलर फटने से बड़ा हादसा हो गया। इस घटना में तीन मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। घटना के बाद मृतकों के परिजन आक्रोशित हो गए और उन्होंने फैक्ट्री के बाहर जमकर हंगामा किया। परिजनों ने कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को शवों को उठाने नहीं दिया। मौके पर ग्रामीणों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने आसपास के थानों से अतिरिक्त पुलिस बल को बुला लिया है। परिजनों का आरोप है कि फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा कामगारों को पर्याप्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए थे, जिसके कारण यह हादसा हुआ। पुलिस फिलहाल घटनास्थल पर गहन जांच कर रही है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि बॉयलर किस कारण से फटा। पुलिस शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही थी, लेकिन मृतकों के परिजनों के विरोध के कारण ऐसा नहीं हो सका।

# शंभू और खनौरी बॉर्डर से जबरन हटाए गए थे किसान

### • देशभर में विरोध प्रदर्शन का ऐलान

अमृतसर । पंजाब पुलिस ने 19 मार्च को शंभू और खनौरी बॉर्डर से प्रदर्शनकारी किसानों को जबरन हटाया था। पुलिस के इस एक्शन के खिलाफ किसानों ने आज पूरे देश में प्रदर्शन का ऐलान किया है। किसान नेताओं ने शुक्रवार को जिला स्तर पर डीसी दफ्तरों पर प्रदर्शन करने का ऐलान किया। इसके बाद 31 मार्च को पंजाब सरकार के मंत्रियों के घरों पर भी प्रदर्शन की घोषणा की। किसान मजदूर संघर्ष कमेटी और किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा पंजाब ने गुरुवार को अमृतसर स्थित प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में इन घटनाओं का विरोध किया और आगामी आंदोलन की रूपरेखा साझा की थी।



किसान नेताओं ने बताया कि 19 मार्च को पंजाब सरकार के निर्देश पर पुलिस ने शंभू और खनौरी बॉर्डर से किसानों को खदेड़ा और बड़े किसान नेताओं को हिरासत में लिया। इस कार्रवाई को उन्होंने बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि इससे पूरे पंजाब में किसान आंदोलन और तेज हो गया। किसान नेताओं ने आगामी 28 मार्च को जिला स्तर पर डीसी दफ्तरों पर प्रदर्शन करने का ऐलान किया। इसके बाद, 31 मार्च को पंजाब सरकार के मंत्रियों के घरों पर भी प्रदर्शन होगा। किसान नेताओं ने यह भी बताया कि जब किसानों को शंभू और खनौरी बॉर्डर से भगाया गया, तो वहां किसानों का करोड़ों रुपये का सामान मौजूद था, जिसमें कीमती ट्रालियां और अन्य जरूरी सामान भी शामिल थे, जो अब तक गायब हैं। पंजाब सरकार को इस नुकसान के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उन्होंने यह मांग की कि सरकार किसानों को हुए नुकसान की भरपाई करे। साथ ही, बड़ी संख्या में हिरासत में लिए गए किसानों को तत्काल रिहा किया जाए। किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के अध्यक्ष रणजीत सिंह कलेरबाला ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि जब से पंजाब सरकार के निर्देश पर पुलिस ने किसानों पर कार्रवाई की है, संघर्ष और तेज हो गया है। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होतीं, हम इस संघर्ष को खत्म नहीं करेंगे। हम 28 मार्च को डीसी हेडक्वार्टर पर बड़ी संख्या में एकत्र होंगे। इसके बाद 31 मार्च को मंत्रियों के घरों पर हम एक साथ प्रदर्शन करेंगे।

# सम्पादकीय

## जलवायु परिवर्तन

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक के बुलेटिन में प्रकाशित एक अध्ययन में गंभीर चिंता जताई गई है, जो देश में वर्षा के वितरण में तेजी से आ रहे बदलाव और खाद्यान्न फसलों पर इसके असर से जुड़ी है। अध्ययन कहता है कि भारतीय कृषि अब भी काफी हद तक मानसून पर निर्भर है। आधुनिक सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और जलवायु परिवर्तन से बेअसर रहने वाले नई किस्मों के बीज तैयार होने से राहत तो मिली है मगर मानसूनी बारिश अब भी निर्णायक होती है। दक्षिण–पश्चिम मॉनसून के दौरान होने वाली वर्षा खरीफ सत्र में कृषि उत्पादन के लिए बेहद जरूरी है।वर्षा का तरीका बदलने या सूखे जैसी स्थिति से फसल उगाने का चक्रबिगड़ जाता है और कीटों एवं पौधों से जुड़ी बीमारियों की समस्या भी बढ़ जाती है। पर्याप्त और समान वर्षा होने से कृषि उत्पादकता बढ़ जाती है।मानसून में अच्छी बारिश रबी सत्र के अनुकूल होती है। मिट्टी में पर्याप्त नमी रहने और जलाशयों में पानी का स्तर अधिक रहने से गेहूं, सरसों और दलहन जैसी फसलों की बोआई के लिए आदर्श स्थिति तैयार होती है।खरीफ सत्र में मोटे अनाज, तिलहन, दलहन और चावल की उपज में सालाना वृद्धि के आंकड़े देखें तो जिस साल दक्षिण पश्चिम मानसून सभी फसलों के लिए बेहतर रहा उस साल उत्पादन भी ज्यादा रहा। लेकिन अतिवृष्टि ने मक्के और तिलहन की उपज बिगाड़ी।अध्ययन में कहा गया है कि उत्पादन इस बात पर भी निर्भर करता है कि मानसूनी बारिश कब आती है।उदाहरण के लिए जून और जुलाई में कम बारिश मक्का, दलहन और सोयाबीन के लिए खास तौर पर नुकसानदेह होती है क्योंकि मिट्टी में नमी कम होने के कारण बोआई अटक जाती है और पौधों के शुरुआती विकास पर भी असर पड़ता है। इसी तरह कटाई के समय अत्यधिक वर्षा से तिलहन उत्पादन घट जाता है। पिछले साल मॉनसून में शानदार वर्षा और सटीक ठंड रहने से चालू वित्त वर्ष में फसलों का उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद है। अनुमान है कि पिछले साल के मुकाबले खरीफ का उत्पादन 7।9 प्रतिशत और रबी का 6 प्रतिशत बढ़ सकता है। भारतीय मौसम विभाग ने 2025 के लिए मॉनसून के अनुमान जारी नहीं किए हैं मगर विश्व मौसम विज्ञान संगठन का अनुमान है कि भारत में इस साल वर्षा सामान्य या इससे अधिक हो सकती है।ध्यान रहे कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश के पैटर्न में आने वाले बदलाव कृषि उत्पादन पर ज्यादा असर डाल सकते हैं। मौसम की अति रंजना अब अनोखी बात नहीं रह गई है। भारत में पिछले साल 365 में से 322 दिन मौसम की अति दिखी थी। इससे देश में 4।07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें प्रभावित हुईं। 2023 में 318 दिन मौसम ऐसा रहा था।जब तक इन प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए बहु–आयामी नीति नहीं अपनाई जाती है तब तक ऐसी घटनाएं बढ़ती ही रहेंगी।पिछले साल कम और असमान वर्षा के कारण गर्म हवा और बाढ़ की 250 घटनाएं सामने आईं। जलवायु परिवर्तन की वजह से बढ़ते तापमान और बाढ़ के कारण फसलों का उत्पादन घटने और इनमें पोषक तत्व कम होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। बदलती परिस्थितियों को देखते हुए जलवायु के अनुकूल कृषि कार्यों की तरफ कदम बढ़ाना आवश्यक हो गया है। कृषि में जलवायु परिवर्तन सहने की क्षमता रखने तौर–तरीके, नालियों की प्रणाली में सुधार, बाढ़ एवं सूखा प्रबंधन और तकनीक अपनाकर कृषि क्षेत्र में क्षमता एवं टिकाऊपन बढ़ाया जा सकता है।लंबे अरसे के लिए जल प्रबंधन पर भी हमें सतर्क रहना होगा।जैविक या रसायन रहित कृषि के बजाय प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहित करना होगा। इससे अलग–अलग मियाद वाली विविध फसलों से किसानों की आय ही नहीं बढ़ती बल्कि मिट्टी की गुणवत्ता भी बढ़ती है। कुल मिलाकर भारत को जलवायु परिवर्तन का प्रभाव कम करने और अनुकूल नीति अपनाने के लिए काम करना ही होगा।

# तेजी से बढ़ रहा मोटापा

हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात में देश–दुनिया में तेजी से बढ़ रही मोटापे की समस्या का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि खाने में ऐसी चीजों का प्रयोग मत कीजिए जिनसे मोटापा बढ़े।

इनकी जगह शुद्ध सात्विक चीजों का सेवन करें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ राष्ट्र बनाने के लिए मोटापे की समस्या से निपटना होगा। मोटापे से निजात पाना व्यक्तिगत समस्या नहीं है, बल्कि यह परिवार के प्रति भी हमारी जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने खाने में तेल का उपयोग कम करने की सलाह देते हुए कहा कि यह कई बीमारियों की वजह बनता है। इससे मोटापे के साथ ही डायबिटीज, बीपी और दिल की बीमारियों का खतरा बना रहता है, इसलिए हमें तेल के अधिक प्रयोग से बचना जरूरी है। पीएम मोदी ने पहले भी मोटापा कम करने के लिए कहा है। इससे एक बार फिर महामारी बनती मोटापे की बीमारी पर देश भर में चर्चा छिड़ गई है।

दुनिया भर के लिए मोटापा कितना गंभीर रोग बनता जा रहा है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दुनिया में हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे का शिकार है। स्वास्थ्य को लेकर जारी कई रिपोर्ट तस्दीक करती हैं कि भारत में भी मोटापा तेजी से पैर पसार रहा है। रिपोर्ट कहती हैं कि महिलाओं में पुरु षों के मुकाबले मोटापा अधिक है। महिलाओं में मोटापे की दर 9.8 फीसद है वहीं पुरु षों में यह 5.4 फीसद है, जबकि लड़कियों में मोटापे की दर 3.1 फीसद और लडक़ों में 3.9 फीसद है।

बच्चों में भी मोटापा चार गुना तक बढ़ गया है। भारत में 40 प्रतिशत महिलाएं और 12 प्रतिशत पुरु ष पेट से जुड़े मोटापे से ग्रस्त हैं। शहरी क्षेत्रों में मोटापा ग्रामीण क्षेत्रों से ज्यादा है। दक्षिण भारत में मोटापा अधिक है। केरल, तमिलनाडु,



पंजाब और दिल्ली में मोटापे की दर ज्यादा है। मध्य प्रदेश और झारखंड में मोटापे की दर कम है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, 2022 में एक अरब से ज्यादा लोग इस समस्या से जूझ रहे थे। अध्ययन कहता है कि 2022 में अधिक वजन वाले वयस्कों की संख्या करीब 43 फीसद थी। यूरोप में अधिक वजन या मोटापा लोगों की मृत्यु और विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है।

एक अनुमान के मुताबिक, मोटापे के चलते पूरी दुनिया में हर वर्ष 12 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि अधिक वजन वाले और मोटापा ग्रस्त लोग कोविड महामारी के परिणामों से अलग–अलग रूप से प्रभावित हुए हैं, जिन्हें अक्सर अधिक गंभीर बीमारी और अन्य जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है। अधिक वजन या मोटापे को कम से कम 13 विभिन्न प्रकार के कैंसर का कारण माना जाता है, जो पूरे यूरोप में सालाना कैंसर के कम से कम दो लाख नये मामलों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हो सकता है।

असल में मोटापे को एक जटिल दीर्घकालिक बीमारी समझा जाता है, जो संकट बन गई है। यह ऐसी महामारी के रूप में उभर रहा है, जिसमें पिछले कुछ दशकों में भारी वृद्धि हुई है। द लैंसेट में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, 1990 के बाद से मोटापे की चपेट में आने वाले वयस्कों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। अध्ययन रिपोर्ट कहती है कि मोटापा कई गैर–संचारी रोगों के खतरे को बढ़ाता है, जिनमें हृदय रोग, टाइप–2 मधुमेह (डायबिटीज) और सांस संबंधी पुरानी बीमारियां शामिल हैं।

कई देशों में मोटापा सेहतमंद बनाम गैर–सेहतमंद भोजन का मामला भी बन गया है। कई बार सेहतमंद भोजन की कीमत ज्यादा होने या उपलब्ध न होने पर भी लोग ऐसे भोजन को प्राथमिकता देते हैं, जो मोटापा बढ़ा सकते हैं। एक्सपर्ट कहते हैं कि वे मोटापे के आंकड़े को वर्षों से देखते रहे हैं। मोटापे की बढ़ती रफ्तार से हैरान हैं। कुछ एक्सपर्ट मोटापे को दो नई कैटेगरी में बांटने की वकालत भी करते हैं। पहली, क्लीनिकल मोटापा। इसका मतलब है मोटापे की वजह से हमारे शरीर का कोई अंग ठीक से काम नहीं कर रहा है, जैसे कि दिल, किडनी या लिवर। दूसरी है प्री–क्लीनिकल मोटापे की श्रेणी। इसका मतलब है कि अभी तक कोई बीमारी नहीं हुई है, लेकिन मोटापे की वजह से बीमार होने का खतरा बढ़ गया है।

तेल मोटापे की सबसे बड़ी वजह है। अगर तेल के इस्तेमाल में धीरे–धीरे कटौती करेंगे तो वजन घटेगा। मोटापे से बचने के लिए आहार और जीवनशैली में बदलाव करें। रोजाना जितनी कैलोरी बर्न करते हैं, उससे ज्यादा कैलोरी न खाएं। चीनी–मीठे पेय पदाथरे का सेवन सीमित करें। ज्यादा वसा वाले खाद्य पदाथरे से परहेज करें। प्रोटीन के स्रेतों जैसे बीन्स, दाल और सोया का सेवन बढ़ाएं। फल, सब्जियां, साबुत अनाज खाएं। भरपूर पानी पिएं।

खाने में फाइबर की मात्रा बढ़ाएं। सप्ताह तीन से चार दिन औसतन 60 से 90 मिनट या उससे ज्यादा मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि करें। टहलना, सीढिय़ां चढऩा–उतरना, बगीचे में काम करना, टेनिस खेलना, बाइकिंग, स्केटिंग जैसी गतिविधियां करें। पर्याप्त नींद लें और तनाव प्रबंधन करें। व्यवहार संबंधी उपचार जैसे समूह परामर्श और सत्रों में शामिल हों। ध्यान रखें कि वजन धीरे–धीरे घटाने से वजन को बनाए रखने की संभावना ज्यादा होती है। इस तरह कुछ बातों का ध्यान रख कर मोटापे की समस्या से निजात पाई जा सकती है।

# राष्ट्रीय न्यायिक सेवा प्राधिकरण के जजों का मणिपुर दौरा सुखद पहल

**मोनिका अरोड़ा**

सुप्रीम कोर्ट के 5 जजों ने अत्यंत रचनात्मक और सराहनीय पहल करते हुए मणिपुर के हिंसा प्रभावित लोगों से मुलाकात की है। नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के कार्यकारी अध्यक्ष और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठतम जज जस्टिस बी आर गवई के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल ने लोगों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया। इस दौरान कई मुफ्त कानूनी सेवा शिविरों का आयोजन किया गया। साथ ही 400 डॉक्टरों के साथ लोगों तक मेडिकल सहायता भी पहुंचाई गई।मणिपुर जैसे सीमावर्ती अशांत राज्य में की गई यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण और स्वागत योग्य है।इससे वहां शांति स्थापित होने में मदद मिलेगी। इसी के साथ पीड़ित नागरिकों को यह एहसास होगा कि देश के इतने महत्वपूर्ण और संवैधानिक पदों पर बैठे हुए जज उनकी चिंता कर रहे हैं। इस पहल का महत्व इसलिए भी है क्योंकि मणिपुर का संघर्ष 2 वर्ष पूर्व हाई कोर्ट द्वारा दिए गए एक निर्णय के बाद शुरू हुआ था। इस निर्णय में मैतई समुदाय को आदिवासी वर्ग का दर्जा दिया गया था। इसी निर्णय के खिलाफ मणिपुर का जनजातीय कुकी समुदाय सडक़ों पर उतर आया था और हिंसा भडक़ उठी थी। बहरहाल,नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी का गठन 1995 में हुआ था। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता पहुंचाना और कानूनी विवादों के त्वरित समाधान में मदद करना है। इसी राष्ट्रीय न्यायिक सेवा प्राधिकरण की निगरानी में ही देश भर में लोक अदालतों का आयोजन होता है। निर्धन और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता देने के लिए वकील उपलब्ध करवाना भी नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी का काम है।जस्टिस गवई के साथ इस दौरे में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ, एम एम सुंदरेश, के वी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह भी गए थे। जजों ने इंफाल और उखरुल जिलों में कई मुफ्त लीगल सहायता केंद्रों का उद्घाटन किया।जस्टिस बी गवई ने दौरे के बाद बिल्कुल सही कहा कि मणिपुर भारत का हिस्सा है। यहां के लोगों ने पिछले कुछ समय में बहुत कठिनाइयां उठाई हैं। राज्य के पुनर्निर्माण में कार्यपालिका के साथ न्यायपालिका भी योगदान देना चाहती है। उनका यह कहना बेहद महत्वपूर्ण है कि मणिपुर के लोगों को ऐसा महसूस नहीं होना चाहिए कि वो अकेले पड़ गए हैं। पूरा देश उनके साथ है। दरअसल,मणिपुर में मई 2023 से मेइती और कुकी समुदायों के बीच जारी जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। मुख्यमंत्री पद से एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद केंद्र ने 13 फरवरी को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया था और राज्य विधानसभा को निलंबित कर दिया गया था।जबकि मणिपुर विधानसभा का कार्यकाल 2027 तक था।दरअसल,चीन की सीमा से सटे राज्य मणिपुर में शांति की बहाली बहुत ही आवश्यक है।यह देश की सुरक्षा की दृष्टि से बहुत ही संवेदनशील क्षेत्र है।जाहिर है यहां की शांति को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।

बहरहाल,उम्मीद की जानी चाहिए कि केंद्र सरकार मणिपुर की शांति बहाली के लिए हर संभव प्रयास करेगी।वैसे केंद्रीय गृह मंत्रालय इस अशांत राज्य की लगातार मॉनीटरिंग कर रहा है। केंद्र सरकार ने राज्य में शांति की स्थापना के लिए अनेक कदम भी उठाए हैं। बहरहाल,जहां तक राष्ट्रीय न्यायिक सेवा प्राधिकरण के जजों के मणिपुर दौरे का सवाल है तो यह निश्चित रूप से सराहनीय पहल रही, जिसका स्वागत किया जाना चाहिए। दरअसल,इस तरह के उपक्रम पूर्वोत्तर के राज्यों के लिए जरूरी हैं क्योंकि इन राज्यों के नागरिक देश से खुद को कटा हुआ महसूस करते हैं।

# गहने कोहरे और पाले से कोकून में नमी

**पंकज चतुर्वेदी**

तमिलनाडु का धरमपुर रेशम के लिए मशहूर है। यहां सालाना लगभग 17 लाख टन रेशम कोकून की पैदावार होती है।

पिछले कुछ हफ्तों में जिले भर में कोहरे और खराब जलवायु परिस्थितियों ने ऐसा डेरा डाला कि कोकून की कीमत में भारी वृद्धि हो गई। फरवरी के दूसरे हफ्ते में इसके दाम 857 प्रति किग्रा. दर्ज किए गए जबकि इस समय औसत कीमत 520 रु पये से अधिक नहीं होती।

आम तौर पर इस समय इलाके का मौसम खुला रहता है लेकिन इस बार गहने कोहरे और पाले से कोकून में नमी आ गई। इसके चलते अच्छी गुणवत्ता वाले रेशम का संकट दिखने लगा और दाम चढ़ गए। बदलते मौसम का असर शहतूत के पेड़ों पर भी देखा गया। विदित हो रेशम के कीड़ों का आहार शहतूत ही होता है। मंडी में आवक काम और दाम ज्यादा होने से बुनकर भी परेशान हैं। धर्मपुरी का रेशम तो एक उदाहरण भर है कि किस तरह समय से पहले गर्मी आने का व्यापक कुप्रभाव समाज पर पड़ रहा है।

प्रवासी पक्षियों का पहले लौटना, सडक़ के कुत्ते और अन्य जानवरों के व्यवहार में अचानक उग्रता और रबी की फसल की पौष्टिकता में कमी, कुछ और ऐसे कुप्रभाव हैं, जो जलवायु परिवर्तन के कारण हमारे यहां दिखने लगे हैं। इस साल इतिहास में तीसरा सबसे गर्म जनवरी और फरवरी रहा। जनवरी में देश में बारिश 70त्न कम रही। पहाड़ी राज्यों में बारिश और बर्फबारी 80त्न तक कम रही। फरवरी के आखिरी हफ्ते में विदर्भ से ले कर तेलंगाना तक 40 की तरफ दौड़ते तापमान ने लू का अहसास करवा दिया। मार्च के दूसरे हफ्ते में ऐन होली पर बरसात और ओलावृष्टि ने फसल का नुकसान दुगुना कर दिया। उसके बाद फिर गर्मी तेवर दिखा रही है।

मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन हफ्तों में देश के अधिकांश हिस्सों में औसत तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। उत्तराखंड के पवित्र तीर्थस्थल केदारनाथ में इस वर्ष पिछले 10 वर्षों में सबसे कम बर्फबारी दर्ज की गई है। इस बार सर्दियों में यहां सिर्फ दो फीट बर्फबारी हुई है, जो बीते वर्षों के मुकाबले काफी कम है। वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जताई है, क्योंकि इससे न केवल क्षेत्र की पारिस्थितिकी प्रभावित होगी, बल्कि जल स्रेतों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

बीते 10 वर्षों में केदारनाथ में बर्फबारी का पैटर्न बदलता दिखा है। जहां 2015 में आठ फीट बर्फ गिरी थी, वहीं 2025 में यह घट कर मात्र दो फीट रह गई है। कम बर्फबारी और जल्द गर्मी से ग्लेशियर जल्दी पिघलेंगे और गंगा–यमुना जैसी नदियों का जल प्रवाह प्रभावित होगा। केदारनाथ क्षेत्र में पाई जाने वाली दुर्लभ वनस्पतियां और वृक्ष कम बर्फबारी के कारण प्रभावित हो सकते हैं। इससे इस क्षेत्र की पारिस्थितिकी पर नकारात्मक असर पड़ेगा। कम बर्फबारी का मतलब है कि गर्मियों में जल स्रेतों में कमी आएगी जिससे पानी की किल्लत हो सकती है।

जलवायु परिवर्तन का असर किस कदर पहाड़ों पर है, इसका उदाहरण इन दिनों धौलछीना के इर्द–गिर्द और बिनसर अभयारण्य के जंगलों में साफ दिख रहा है। पहाड़ में अक्सर फरवरी के दूसरे पखवाड़े से मार्च में खिलने वाला बुरांस का फूल इस बार जनवरी में ही खिल गया था। इससे लोग हैरत में हैं और मौसम चक्र में परिवर्तन को इसकी वजह मानते हैं। जंगलों में कई जगह काफल फरवरी में ही पकने लगा था। आम तौर पर पहाड़ के जंगलों में बुरांस का फूल 15 मार्च के बाद भी खिलता है। इसके बाद ही मार्च के दूसरे पखवाड़े और अप्रैल में काफल पकता है। मगर अब प्रकृति अपना अलग रंग दिखा रही है।

हैरान करने वाली बात यह है कि इस बार जनवरी के पहले पखवाड़े से ही धौलछीना के आसपास तथा बिनसर अभयारण्य के जंगलों में बुरांस खिल गया। ठीक इसी तरह से हिमाचल प्रदेश में भी बुरांस और काफल समय से बहुत पहले जनवरी में फल–फूल गए। जलवायु बदलाव का असर असम के धुबरी जिले में अजीब ही तरह से देखा जा रहा है। यहां बहने वाली ब्रह्मपुत्र नदी में अचानक हिल्सा मछलियों की संख्या बढ़ती देखी जा रही है, जो जनवरी–फरवरी के महीनों में अस्वाभाविक है। वास्तव में इसका समय मई, जून, जुलाई और अगस्त होता है। विदित हो कि हिल्सा मछलियां समुद्र के मुहाने से अक्टूबर में ब्रह्मपुत्र नदी में अंडे देने के लिए बंगाल की खाड़ी से आती हैं। हालांकि, मौसम और प्रकृति में अस्वाभाविक परिवर्तन और ब्रह्मपुत्र नदी के धीरे–धीरे सूखने के कारण हिल्सा मछलियां इस साल जनवरी के अंत से नदी में चढऩे लगी हैं।

पर्याप्त ठंड न पडऩे, जाड़े में होने वाली बरसात के न आने और फरवरी में ही गर्मी का असर मध्य भारत के खेतों में रबी की फसल पर कीट के रूप में सामने आ रहा है। विशेष रूप से गेहूं में चंडवा, सरसों, मटर और चना की फसलों में माहू और इल्ली का प्रकोप बढ़ गया है, जिसके कारण इन फसलों में फूल गिरने लगे हैं, और किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन कीटों के कारण आगामी दिनों में चना, मटर और सरसों का उत्पादन 30 प्रतिशत तक घट सकता है। सब्जी भी गर्मी के प्रकोप से बची नहीं रही। मिर्च, टमाटर, बैंगन, भिंडी जैसी सब्जी फसलों में भी माहू का प्रकोप बढ़ गया है। शाम होते ही अब खेत के करीब की सडक़ों से निकलना मुश्किल है क्योंकि वाहनों की रोशनी होते ही माहू कीट के घने झुंड आ जाते हैं। कीट से बचने के लिए यदि किसान कीटनाशक का इस्तेमाल करता है, तो एक तो लागत बढ़ती है, दूसरा, गुणवत्ता भी प्रभावित होती है।

# राजकुमार राव की भूल चुक माफ की नई रिलीज तारीख का ऐलान, पहला पोस्टर आया सामने

अभिनेता राजकुमार राव को पिछली बार फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह औंधे मुंह गिरी।आने वाले समय में राजकुमार एक से बढक़र एक फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। भूल चुक माफ भी इन्हीं में से एक है। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार अभिनेत्री वामिका गब्बी के साथ बनी है।अब निर्माताओं ने इस फिल्म की रिलीज को टाल दिया है। भूल चुक माफ 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों को सिनेमाघरों होने वाली थी, लेकिन अब निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज को टाल दिया है। इस फिल्म के लिए दर्शकों को थोड़ा इंतजार करना होगा। फिल्म की नई रिलीज तारीख सामने आ गई हैं। रिपोर्ट के



अनुसार, अब भूल चुक माफ को 9 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकता है। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। भूल चुक माफ के निर्देशन की कमान करण शर्मा ने संभाली है, वहीं दिनेश विजान इसके निर्माता हैं। फिल्म की टीजर पहले ही रिलीज हो चुका है, जो कॉमेडी और सस्पेंस से भरपूर है।

## 27 करोड़ का तो लिहाज कर लेते खराब प्रदर्शन के बाद ऋषभ पंत जमकर हो रहे हैं ट्रोल

नईदिल्ली, आईपीएल 2025 ऋषभ पंत के लिए अच्छा नहीं रहा है. अब तक उन्होंने दो मैच खेले हैं. इस दौरान उनका बल्ला रन बनाने में नाकाम रहा. दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले मैच में उनका खाता भी नहीं खुला. वहीं बीते दिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ भी पंत संघर्ष करते नजर आए. 27 वर्षीय खिलाड़ी अपनी फीस के साथ न्याय नहीं कर पा रहे हैं. सोशल मीडिया पर उन्हें काफी ट्रोल किया जा रहा है. 27 मार्च को हैदराबाद में लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद आमने सामने थी. राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में यह मुकाबला खेला गया. लखनऊ की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी. कप्तान ऋषभ पंत इस मैच में ज्यादा कुछ नहीं कर सके. बाएं हाथ के बल्लेबाज 15 गेंदों में 15 रन बनाकर चलते बने. उनकी पारी में एक चौका शामिल रहा. हर्षल पटेल ने मोहम्मद शमी के हाथों कैच करवाकर उन्हें पवेलियन भेजा.

# ऑक्शन में अनसोल्ड रहे गेंदबाज के सिर पर सजी पर्पल कैप




नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन की 22 मार्च से शुरुआत हुई। आईपीएल 2025 के पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच टक्कर हुई। लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज को ऑरेंज कैप और सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज को पर्पल कैप दी जाती है। लीग में अब तक 7 मुकाबले खेले जा चुके हैं। ऐसे में फैंस के मन में सवाल उठने लगा है कि अभी यह कैप किसके सिर पर सजी है।

**पूरन खेल रहे तूफानी पारियां**

आईपीएल 2025 में 7 मुकाबलों के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज निकोलस पूरन हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के इस तूफानी बल्लेबाज ने इस सीजन अब तक खेले 2 मैच की 2 पारियों में 72.50 की औसत और 258.93 की स्ट्राइक रेट से 145 रन बनाए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ चौथे मैच में पूरन ने 30 गेंदों पर 75 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली थी। पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उन्होंने 26 गेंदों पर 70 रन ठोक दिए थे।

**आईपीएल 2025 में अब तक सबसे ज्यादा रन**

निकोलस पूरनः 145 रन
मिचेल मार्शः 124 रन
ट्रेविस हेडः 114 रन
ईशान किशनः 106 रन
ध्रुव जुरेलः 103 रन

# बॉक्स ऑफिस पर जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट की कमाई में गिरावट, 12वें दिन रहा ऐसा हाल



जॉन अब्राहम की फिल्म द डिप्लोमैट को होली के दिन यानी 14 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से बढिय़ा प्रतिक्रिया मिली है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा पा रही है।यह पहले दिन से ही टिकट खिडक़ी पर दर्शकों के लिए तरसती नजर आ रही है। अब फिल्म का कारोबार लाखों में सिमट गया है।आइए बताते हैं द डिप्लोमैट ने 12वें दिन कितने लाख रुपये कमाए।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, द डिप्लोमैट ने अपनी रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को 85 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 27.40 करोड़ रुपये हो गया है।द डिप्लोमैट का निर्देशन शिवम नायर ने किया है। जॉन ने फिल्म का नाम भूषण कुमार के साथ किया है। इस फिल्म में सादिया खतीब, कुमुद मिश्रा और शारिब हाशमी जैसे कलाकारों ने भी अभिनय किया है।यह एक भारतीय डिप्लोमैट की कहानी है, जो पाकिस्तान से एक भारतीय लडक़ी को वापस लाने की कोशिश करता है।

## नुसरत भरूचा की फिल्म छोरी 2 की रिलीज तारीख से उठा पर्दा

नुसरत भरूचा इन दिनों अपनी फिल्म छोरी 2 को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है।

दरअसल, छोरी 2 की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है। यह फिल्म 11 अप्रैल 2025 को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

छोरी 2 का पहला वीडियो सामने आ गया है, जो हॉरर और सस्पेंस से भरपूर है। नुसरत की अदाकारी की खूब तारीफ हो रही है।

अमेजन प्राइम वीडियो ने वीडियो साझा करते हुए लिखा, एक बार फिर... वो खेत, वो खतरा, वो खौफ। फिल्म में नुसरत एक बार फिर साक्षी के किरदार में दिखाई देंगी।

# आईपीएल 2025: ऑरेंज कैप की रेस में सबसे आगे निकले निकोलस पूरन

नईदिल्ली, लखनऊ सुपर जायंट्स के हिटिंग मशीन निकोलस पूरन ऑरेंज कैप की रेस में सबसे आगे निकल गए हैं। पूरन ने अब तक लखनऊ की ओर से दो मैच खेले और दोनों मैच में ही उन्होंने अपनी आक्रमक बल्लेबाजी से विरोधी पक्ष के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की।

गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद के सामने उन्होंने महज 26 गेंदों में ताबड़तोड़ 70 रनों की पारी खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पूरन ने पारी के दौरान 6 चौके और 6 गगनचुंबी छक्के लगाए। टूर्नामेंट में अब तक खेले गए दो मैचों में पूरन ने 12 चौके और 13 छक्कों की मदद से 145 रन बनाए हैं और इसी के साथ ही वह ऑरेंज कैप की रेस में टॉप पर हैं। उनके



बाद मिशेल मार्श हैं, जो 2 मैचों में 124 रन बनाकर दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। मार्श टूर्नामेंट में अब तक 13 चौके और 8 छक्के लगा चुके हैं। ऑरेंज कैप की रेस में तीसरे नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड हैं, जिन्होंने अब तक खेले गए दो मैचों में 114 रन बनाए हैं। टूर्नामेंट में अब तक 14 चौके और 6 छक्के भी जड़ चुके हैं। देखा जाए तो ऑरेंज कैप की रेस में सनराइजर्स हैदराबाद के ईशान किशन कुछ वक्त पहले तक सबसे आगे चल रहे थे। उनके नाम पहले मैच में 106 रन थे। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ किशन ने टूर्नामेंट में शानदार शतक लगाया था। उम्मीद की जा रही थी कि लखनऊ सुपर जायंट्स के सामने भी वह अपनी बल्लेबाजी के दम पर ऑरेंज कैप की रेस में टॉप पर रहेंगे। लेकिन, लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने उन्हें शून्य पर आउट कर दिया। वहीं, निकोलस पूरन की शानदार बल्लेबाजी ने लखनऊको टूर्नामेंट में पहली जीत दिलाई। ऑरेंज कैप की रेस में तीसरे नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड हैं, जिन्होंने अब तक खेले गए दो मैचों में 114 रन बनाए हैं।

## एक नजर

### 129 वाहन चालकों के काटे चालान

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने, ओवर लोडिंग व तेज गति से वाहन चलाने पर 129 वाहन चालकों का चालान किया है। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहनों को सीज भी किया है। एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने पर कोटद्वार कोतवाली पुलिस ने दो, पौड़ी व यातायात कोटद्वार की टीम ने एक-एक वाहन चालकों के वाहनों को सीज किया। साथ ही चालकों के डीएल निरस्तीकरण संस्तुति की कार्रवाई भी की गई। इसके साथ ही जनपद में चलाए सघन चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 129 वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस द्वारा चालानी कार्रवाई की गई।

### स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय प्राथमिक विद्यालय मलेथा में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर सब का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की। कहा कि पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक कायक्रमों में भाग लेने से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है। विधायक विनोद कंडारी ने दो कक्षों का उद्घाटन किया। साथ ही विद्यालय के रास्ते और शौचालय के लिए पांच-पांच लाख रुपये देने की घोषणा की। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी आईएस नेगी, उप शिक्षा अधिकारी तनुजा देवराड़ी, मंजु मंमगाई, नीरज प्रेमी, अमित लिंगवाल, दीप्ति आर्य, सरिता बिष्ट सहित आदि मौजूद थे।

### मुख्य बाजार में वाहन पार्क होने से लोग परेशान

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम क्षेत्र एवं एनएच के किनारे बनी नालियों, पटरियों पर चौपहिया और दोपहियां वाहनों पार्क होने से राहगीरों को चलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को आरटी और आरटीआई कार्यकर्ता कुशलानाथ ने उपजिलाधिकारी को ईमेल के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कुशलानाथ ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के मुख्य बाजार में दोपहियां वाहन आड़े-तीरछे खड़े होने से पैदल आवाजाही करने में दिक्कतें होती हैं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से श्रीनगर के मुख्य बाजार में पार्क किये गये वाहनों के स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। (एजेंसी)

### डॉ. रितु अधिकारी को मिला अवार्ड

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग से प्रथम पीजी (एमडी) पास चिकित्सक डॉ. रितु अधिकारी को शुक्रवार को डॉ. एमसी पंत बेस्ट पेपर अवार्ड से नवाजा गया। प्रदेश के राज्यपाल ले. ज. गुरमीत सिंह एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सम्मानित किया।

# मौसम में बदलाव, सर्दी-जुकाम व बुखार के बढ़े मरीज



कोटद्वार बेस अस्पताल जहां इन दिनों बुखार, खांसी व जुकाम के मरीज बढ़ गए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : मार्च महीने के अंतिम सप्ताह के साथ ही मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। दिन में तेज धूप होने के कारण तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है। इस तरह लगातार बदल रहे मौसम ने आमजन को बीमार करना शुरू कर दिया है। नतीजा, अस्पताल में सर्दी-जुकाम व बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। बेस अस्पताल में हर रोज 200-300 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

होली के बाद मौसम में बदलाव देखने को मिला है। सुबह-शाम हल्की ठंड व दोपहर के समय तेज धूप निकल रही है। दस बजे के बाद तो धूप में कुछ देर खड़ा होना भी एक चुनौती बन गई है। अचानक तापमान में आए बदलाव से सर्दी-जुकाम व बुखार के मरीजों में इजाफा हो गया है। सुबह से ही अस्पतालों में पर्ची बनवाने के लिए मरीजों की लंबी लाइन लग रही है। चिकित्सकों की मानें तो मौसम और तापमान में आ रहे बदलाव के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे बीमार होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में मौसम में स्वास्थ्य पर ध्यान देना आवश्यक है।

### इस तरह रखे ख्याल

तेज बुखार आना, ठंड लगना, नाक से पानी आना, गले में खराश, हल्की खांसी यह वायरल के मुख्य कारण है। वायरल से बचाव के लिए पानी को उबाल कर पीएं। सुबह शाम फुल बाजू के कपड़े पहनकर रखें। बुखार की शिकायत होने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें। फ्रीज में रखे खाद्य पदार्थों का सेवन न करें। बाहर खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन न करें।

## ढाई आखर अभियान लेख परीक्षा में शिया रही अव्वल



जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : उत्तराखंड परिमंडल की ओर से आयोजित ढाई आखर अभियान (राष्ट्रीय लेखन प्रतियोगिता) परीक्षा में मेहरबान सिंह कंडारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज कोटद्वार की छात्रा शिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सहायक निदेशक कार्यालय चीफ पोस्टमास्टर जनरल, उत्तराखंड से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ माह पूर्व विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा में पास करने वाले विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए अनुदान दिया जाता है। शिया ने 18 वर्ष तक के विद्यार्थियों की परीक्षा में उत्तराखंड में टाप किया।

# वार्षिकोत्सव में दिखी सांस्कृतिक धूम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय कोटलमंडा का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ द्वारीखाल के खंड शिक्षा अधिकारी डा. सुरेंद्र सिंह नेगी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने वाले युवाओं को अवश्य सफलता मिलती है।

स्कूली बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके उपरांत बच्चों ने गढ़वाली, कुमाऊंनी व हिंदी गीतों पर रंगारंग प्रस्तुति दी। बच्चों ने योग, मोबाइल लत से बचने के लिए नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए। बच्चों ने गढ़वाली हास्य नाटिका प्रस्तुत की। प्रधानाध्यापिका ने विद्यालय की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। महिला मंगल दल कोटल मंडा, गहड़, सोलिया, बैरगांव की महिलाओं ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। राजकीय इंटर कॉलेज कीर्तिखाल के प्रधानाचार्य इंद्रपाल ने विद्यालय के उल्लेखनीय कार्यों के बारे में बताया। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य भारत सिंह रावत, नवीन कनौजिया, सुमन कुकरेती, प्रमिला ध्यानी, विभा रावत, सरिता रावत, रेणु रावत, सावित्री देवी, रीना चौहान, गोविंद सिंह रावत, दशरथ सिंह नेगी, अर्जुन सिंह रावत, शालिनी गुंसाई, भारती शर्मा, पुष्पा भट्ट, संजय डोबरियाल, विवेक मधवाल आदि मौजूद रहे।

## छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनाना शिक्षकों का लक्ष्य हो

नई टिहरी। जिलाध्यक्ष उदय रावत ने कहा कि विद्या भारती से संबद्ध शिशु और विद्या मंदिर छात्र–छात्राओं को किताबी शिक्षा के देने के साथ ही उन्हें रचनात्मक, संस्कारवान बनाने का भी काम कर रहे हैं। कहा कि वर्तमान में अभिभावकों से लेकर समाज में रह रहे हर व्यक्ति का दायित्व है कि छात्रों का सही मार्गदर्शन कर उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने यह बातें शुक्रवार को जाखणीधार ब्लॉक के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पिपोला के वार्षिकोत्सव में कही। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत और निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य विनोद बिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं की शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विद्या मंदिर जाखणीधार के प्रधानाचार्य रविंद्र नेगी ने छात्र–छात्राओं को नैतिकता पाठ पढ़ाया। कहा कि शिक्षकों का लक्ष्य होना चाहिए कि वह छात्रों का नेतृत्व विकास कर उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाया जाए।

### शहर में कारोबार बढ़ाने के लिए पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाएं

नई टिहरी। नई टिहरी के व्यापार मंडल ने स्थानीय व्यापारियों की समस्याओं को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष मोहन सिंह रावत को ज्ञापन सौंपा है। व्यापार मंडल ने समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। शुक्रवार को व्यापार मंडल नई टिहरी के अध्यक्ष भगवान सिंह रावत, महामंत्री मनोज चमोली व कोषाध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान ने नगर पालिका अध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा और अवगत कराया कि नई टिहरी ऐसा शहर बन गया है। जहां पर कारोबार न होने से हर साल व्यापारी पलायन करने को मजबूर है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए प्रस्तावित भूमि से हटाया अतिक्रमण

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : नजीबाबाद-बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए सनेह क्षेत्र में प्रस्तावित भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी के निर्देश पर सनेह के ग्रास्टनगंज से अतिक्रमण हटाया गया। बताते चलें कि नजीबाबाद-बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर 691 करोड़ रुपये की लागत से छह किलोमीटर लंबा फोर-लेन बाईपास मार्ग का निर्माण किया जाना है। मार्ग निर्माण के लिए सनेह क्षेत्र में जीतपुर, नाथूपुर, कुंभीचौड़, ग्रास्टनगंज में भूमि अधिग्रहित की गई है। इसी क्रम में गुरूवार को नायब तहसीलदार सरदार सिंह चौहान व राजस्व उप निरीक्षक सीता के नेतृत्व में राजस्व विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग व पुलिस की टीम कोटद्वार गांव (ग्रास्टनगंज) क्षेत्र में पहुंची। टीम ने प्रस्तावित राजमार्ग में पड़ने वाले दो अतिक्रमण को ध्वस्त किया। उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी ने बताया कि प्रशासन की ओर से उन्हीं भवनों को तोड़ा जा रहा है, जिन्हें मुआवजा मिल चुका है।

# आसिफ व आरती बनें प्रतियोगिता के चैंपियन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न हो गई है। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान आसिफ अली व आरती रावत को चैंपियन का खिताब मिला।

राजकीय स्टेडियम कोटद्वार में दो दिवसीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि कड़ी धूप में मेहनत करने वाला कामयाबी के शिखर पर जरूर पहुंचता है। इसलिए चाहे वह खेल प्रतियोगिता हो चाहे रोजगार प्राप्त करना सभी के लिए संघर्ष आवश्यक है।

प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। चार सौ मीटर दौड़ छात्रा वर्ग में ललिता, आरती रावत, आशी रावत, छात्रा वर्ग में आसिफ अली, मंदीप सिंह, दिव्यांश गौड़, आठ सौ मीटर दौड़ छात्रा वर्ग में शीतल, सोनाली पंत, प्राची लखेड़ा, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। गोला प्रक्षेप छात्र वर्ग में कार्तिक कुमार, प्रवेंद्र सिंह, यश कुमार, छात्रा वर्ग में कार्तिक कुमार, प्रवेंद्र सिंह बिष्ट, यश कुमार, चक्का प्रक्षेप छात्रा वर्ग में कार्तिक कुमार, यश कुमार, प्रवेंद्र सिंह बिष्ट प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे। सौ मीटर दौड़ छात्रा वर्ग में आरती रावत, आशीष रावत, ललिता, छात्र वर्ग में दिपांशु, अशफाक अली, राम गोपाल, चार सौ मीटर दौड़ छात्रा वर्ग में ललिता, आरती रावत, आशी रावत, छात्र वर्ग में आसिफ अली, मंदीप सिंह, दिव्यांश गौड़, आठ सौ मीटर दौड़ छात्रा वर्ग में शीतल, सोनाली पंत,

प्राची लखेड़ा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। प्रतियोगिता का संचालन डा. जुनीष कुमार ने किया।



आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि

# रैनबो एकेडमी को मिली भारतीय शिक्षा बोर्ड की मान्यता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गापुरी में स्थित रैनबो एकेडमी को भारतीय शिक्षा बोर्ड की मान्यता मिल गई है। इस मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में दी जाने वाली शिक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

विद्यालय में विद्यार्थी वैज्ञानिक सनातन परंपरा से अंग्रजी माध्यम की शिक्षा ग्रहण करेंगे। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मां सुरकंडा देवी डोली के उपासक आचार्य अजय बिजल्वाण ने पुस्तकों का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति व सभ्यता के प्रचार-प्रसार के लिए कार्य करना चाहिए। प्रधानाचार्य मोहित नेगी ने कहा कि स्वामी रामदेव ने साहित्य आईटी, संस्कृति, भाषा विशेषज्ञों, इतिहासकारों, वैज्ञानिकों, गणितज्ञों वैदिक ज्योतिष व योग विशेषज्ञों की मदद से भारतीय शिक्षा बोर्ड का गठन किया। वर्ष 2023 में भारत सरकार ने भारतीय शिक्षा बोर्ड को शिक्षा संचालित करने वाले संस्थानों को मान्यता दी। इस बोर्ड में सर्वप्रथम हरिद्वार में संचालित आचार्य कुलम विद्यालय को मान्यता मिली। भारतीय शिक्षा बोर्ड की सबसे बड़ी विशेषता है कि पाठ्यक्रमों में पुस्तकों के नाम भारतीय नक्षत्रों के नाम से है। विद्यालय के संरक्षक हरेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि कोटद्वार शहर में इस तरह के विद्यालय खुलने से भारतीय सनातन संस्कार को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन समाज सेवी गौरव जोशी ने किया।



कोटद्वार के दुर्गापुरी में रैनबो स्कूल की पुस्तकों का विमोचन करते अतिथि

# समान नागरिक संहिता के बारे में बताया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : राजकीय महाविद्यालय सतपुली में समान नागरिक संहिता पर आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ आईक्यूएसी व राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. संजय कुमार द्वारा इसके ऐतिहासिक पहलू पर प्रकाश डालते हुए ब्रिटिश कालीन भारत से लेकर वर्तमान तक समान नागरिक संहिता कानून के लागू होने की प्रक्रिया के बारे में बताया।

कार्यशाला में यूसीसी के नोडल अधिकारी व आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला स्वतंत्र भारत का पहला राज्य बन गया। यूसीसी लागू होने से उत्तराखंड के सभी निवासियों अनुसूचित जनजातियों को छोड़कर विवाह, तलाक, संपत्ति के उत्तराधिकार और लिव-इन रिलेशनशिप पर समान नियमों का प्रस्ताव है, चाहे उनका धर्म या आस्था कुछ भी हो। उत्तराखंड का यह कानून संविधान के अनुच्छेद 44 राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत से निकला है, जो राज्य को पूरे भारत के क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करने का निर्देश देता है।

**NOTICE**

That is my Passport my name is written as Prem Singh Rawat s/o Nandan Singh. That where my name is written as Prem Singh Rawat S/o Nandan Singh it Should be read and Write as Prem Singh which my correct name.

**Prem Singh s/o Late Nandan Singh R/o Village Lalpur, P.O- Padampur, Sukhrow, Tehsil Kotdwara, Distt Pauri Garhwal, Uttarakhand.**

# शिविर में 66 लोगों ने किया रक्तदान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : लालपानी क्षेत्र के अंतर्गत श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में गढ़ चेतना सामाजिक एवं सांस्कृतिक कल्याण समिति की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में 66 व्यक्तियों ने रक्तदान किया।

शनिवार को विद्यालय परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ पार्षद अनिल रावत व आधार शिला रक्तदान समूह संचालक दलजीत सिंह ने संयुक्त रूप से किया। एसजीआरआर लालपानी के प्रधानाचार्य विभाकर डबराल ने आमजन को रक्तदान के महत्व के बारे में मताया। कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान है। इससे हम किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद कर सकते हैं। शिविर में रक्तदान के लिए 80 व्यक्तियों ने पंजीकरण करवाया था, जिसमें 66 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। पार्षद अनिल रावत ने लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि रक्तदान करने से मानव शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। बल्कि शरीर में रक्त का अच्छे प्रकार से संचार होता है। इस मौके पर महंत इंद्रेश अस्पताल के कोर्डिनेटर अमित चंद्र, मोहित चावला, अंशुमान द्विवेदी, अरूण कुमार, विशाल कुमार, समिति के उपाध्यक्ष सतीश चंद्र, सचिव गजेंद्र सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष अशोक खंतवाल, विकास रावत, अंकित रावत, डबल सिंह रावत, ऋतु गुसांई, नीलम रावत, दीवान सिंह रावत, रजनी खंतवाल, अतुल कोटनाला आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के लालपानी क्षेत्र में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते रक्तदानी

### उपखनिज से भरे वाहन सीज करने पर भड़की ट्रक यूनियन

श्रीनगर गढ़वाल : जिला खनन अधिकारी ने गुरुवार देर सांय उपखनिज से भरे तीन वाहनों को सीज कर अर्थदंड लगाया। मौके पर आरोपी अधिकारी को अनुमति पत्र नहीं दिखा सके। जिला खान अधिकारी राहुल नेगी ने बताया कि समयावधि के बाद ट्रकों का संचालन करने पर तीन वाहनों को सीज किया गया है। वहीं, अलकनंदा ट्रक यूनियन श्रीनगर ने शुक्रवार को चालानी कार्रवाई करने के विरोध में रोष प्रकट किया। उन्होंने खनिज ले जा रहे डंपरों को रोका। ट्रक यूनियन से जुड़े सदस्यों ने कहा कि वैध रवन्नै के बावजूद अधिकारी ने कार्रवाई की है। उन्होंने आरोप लगाया कि रेलवे निर्माण कार्य में लगे डंपर नगर क्षेत्र में ओवरलोड होकर धडल्ले से चल रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। (एजेंसी)

**सूचना**

मेरे द्वारा दिनांक 21/12/2019 ग्राम काशीरामपुर, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल के खाता सं0 38 के खेत सं0 84/1 मध्ये क्षेत्रफल 800 वर्गफीट भूमि श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी भागूवाला, बिजनौर उत्तर प्रदेश को विक्रय की गयी थी जो उप निबन्धक कार्यालय कोटद्वार में बही संख्या 01, जिल्द संख्या 1388 के पृष्ठ संख्या 101 से 128 क्रमांक 3683 पर दर्ज है, उक्त रजिस्ट्री क्रमांक सं0 3683 दिनांक 21/12/2019 वास्तव में मेरे से कहीं खो गयी है जिसकी मेरे द्वारा दिनांक 26/03/2025 को पुलिस थाने कोटद्वार में रिपोर्ट करा दी गयी है। उक्त रजिस्ट्री को बंधक कर मेरे द्वारा उराखण्ड ग्रामीण बैंक से ऋण लिया गया है। यदि इसमें किसी को कोई आपत्ति हो तो वह उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक शाखा सुखरौ में 15 दिन के भीतर संपर्क करें।

**प्रवेश पत्नी स्व. श्री दिग्विजय सिंह निवासी काशीरामपुर, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल।**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, दुगड्डा (पौड़ी गढ़वाल) उत्तराखण्ड**

पत्रांक 920 /ठेके0पंजी0/नवी0/2024-25 दिनांक 28/03/25

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, दुगड्डा कार्यालय द्वारा ई टेन्डरिंग प्रक्रिया हेतु ठेकेदारी पंजीकरण एवं नियन्त्रण उपविधि जो कि मुद्रण हेतु राजकीय मुद्राणालय, रूड़की को प्रेषित की गई है, के गजट प्रकाशन की प्रत्याशा में उपविधि में दिये गये नियमो के अनुसार पालिका के अधीन ठेकेदारी व्यवसाय हेतु श्रेणीवार (प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चर्तुथ) नवीन पंजीकरण हेतु वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए दिनांक 30.06.2025 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है, जिसके लिए हैसियत, कार्य अनुभव, जमानत राशि, चरित्र प्रमाणपत्र (जो विगत छः माह से पूर्व का न हो), आयकर, जी0एस0टी0 पंजीयन पत्र, आधार कार्ड तथा दो पासपोर्ट साइट फोटो आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक है। साथ ही जिन ठेकेदारो द्वारा पूर्व में वर्ष 2024-25 हेतु अपना पंजीकरण पालिका में कराया गया है वे स्वयं के उच्चीकरण व नवीनीकरण हेतु प्रार्थना पत्र देकर अपना उच्चीकरण व नवीनीकरण करा सकते है। श्रेणीवार ठेकेदारी पंजीकरण/नवीनीकरण शुल्क धरोहर राशि, हैसियत व अन्य जानकारी कार्यालय से कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, दुगड्डा**
**अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, दुगड्डा**

# नन्दानगर में हुआ जन सेवा थीम पर बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन



चमोली। सरकार के सेवा, सुशासन और विकास के 3 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को नन्दानगर में जन सेवा थीम पर बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों, स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमियों द्वारा स्टॉलों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और समूहों के माध्यम से तैयार किए उत्पादों की बिक्री की गयी। इस दौरान थराली विधायक ने स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। बहुउद्देशीय शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा 10, पंचायती राज व उद्यान विभाग द्वारा 12–12, उरेडा व श्रम विभाग द्वारा 10–10, कृषि व पशुपालन विभाग द्वारा 11–11 लोगों को लाभान्वित किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 125 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गयी।

### श्रीनगर में चिकित्सा सेवा को बेहतर बनाने की कवायद शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : चारधाम यात्रा के मद्देनजर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए इस बार मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में चिकित्सा सेवा को बेहतर बनाने की कवायद शुरू कर दी गई है। शुक्रवार को बेस चिकित्सालय के चिकित्सक, नर्सिंग आफिसर, पैरामेडिकल कार्मिकों को स्वास्थ्य परीक्षण करने, दवा और इलाज में तत्परता दिखाने के लिए विशेष ट्रेनिंग दी गई। श्रीनगर मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध बेस चिकित्सालय में आयोजित ट्रेनिंग में वर्चुअल जुड़े चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. आशुतोष सयाना ने कहा कि चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के विशेष प्रयासों से चार धाम यात्रा से पूर्व स्वास्थ्य सेवाओं में सुदृढ़ीकरण करने के निर्देश दिये हैं। डॉ. सयाना ने कहा कि अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचने वाले तीर्थ यात्री या अन्य मरीज उन्हें तत्काल इलाज मिले। (एजेंसी)

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 367-DRM-MB-24-25 Date 28.03.2025 | 368-DRM-MB-24-25 Date 28.03.2025 | 370-DRM-MB-24-25 Date 28.03.2025 | 374-DRM-MB-24-25 Date 28.03.2025 | 375-DRM-MB-24-25 Date 28.03.2025 |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Chlorination of water Supply at BE Station (Station & Colonies etc.) & RMU Station (Station & Colonies etc.) under ADEN/BE (For 5 Years) | Chlorination of water Supply at SPN Station & RAC (Station & Colonies etc.) under ADEN/SPN (For 5 Years) | Heavy Repair of Staff Quarters at Way side Stations from BTO to MPH (Excluding RMU Station) with Drains, Septic Tank, Manhole, Floor, Plaster and Door Window and other Misc. Works under ADEN/BE | Raising of plinth and drainage arrangement to prevent water logging at T-10 Block at RAC in the section of SSE/W/RAC under ADEN/SPN | Heavy Repair of staff quarters at way side stations (excluding BE Station) with Drains, septic tank, Manhole, Floor, Plaster and door/window and other misc. works under ADEN/BE |
| टेंडर क्लोसिंग दिनांक/समय | 21.04.2025 16:00 hrs. | 21.04.2025 16:00 hrs. | 21.04.2025 16:00 hrs. | 21.04.2025 16:00 hrs. | 21.04.2025 16:00 hrs. |
| अनुमानित लागत (रु.) | 79,75,573.36 | 69,74,402.68 | 74,98,506.25 | 54,60,953.34 | 64,96,637.62 |
| धरोहर राशि (रु.) | 1,59,500.00 | 1,39,500.00 | 1,50,000.00 | 1,09,200.00 | 1,29,900.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 07.04.2025 | 07.04.2025 | 07.04.2025 | 07.04.2025 | 07.04.2025 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 60 Days | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 60 Months | 60 Months | 08 Months | 08 Months | 08 Months |

नं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 28.03.2025 968/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त समाचार

### गंगा स्वच्छता को लेकर चलाया हस्ताक्षर अभियान

नई टिहरी। राजकीय महाविद्यालय की नमामि गंगे इकाई की ओर से शुक्रवार को आयोजित गंगा स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र में गंगा स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान संयोजक डॉ. संजीव कुमार की अध्यक्षता में महड़ गांव में महिला स्वास्थ्य व स्वच्छता पर कार्यशाला भी की गयी। कार्यशाला की मुख्य अतिथि सीएचसी देवप्रयाग की डॉ. मेघा व डॉ. दिव्या ने ग्रामीण महिलाओं को मासिक धर्म संबंधित जानकारी देते इससे जुड़ी समस्याओं का निवारण भी किया। राजनीति विज्ञान प्राध्यापक डॉ. सोनिया ने युवावस्था में होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी दी।

### जाखणीधार तहसील को पेटव में संचालित करने की मांग

नई टिहरी। सुनसान जगह पर कोश्यार नामे तोक में स्थित जाखणीधार तहसील को जाखणीधार बाजार के निकट पेटव अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन पर संचालित कराने के लिए विधायक किशोर उपाध्याय ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से अनुरोध किया। कहा कि तत्कालीन समय में तहसील भवन ऐसे स्थान पर बनाया गया, जहां पर आमजन को आवागमन में कठिनाइयां होती हैं। ऐसे में उक्त तहसील भवन को पेटव एपीएचसी की विशाल भवन में संचालित किया जाए। जिस पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रावत ने जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और सीएमओ डॉ. श्याम विजय को निर्देश दिए हैं।

### टाटा में ट्रेनिंग के दौरान मिलेंगे आठ हजार रुपए महीना

देहरादून। कौशल विकास विभाग की ओर से टाटा मोटर्स के साथ हुए करार के तहत ट्रेनिंग के दौरान आठ हजार रुपए महीना स्टाइपेंड दिया जाएगा। एमओयू का लाभ युवाओं को मिलेगा। शुक्रवार को सचिवालय में कौशल विकास विभाग की पुस्तिका का विमोचन मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने किया। इस दौरान सचिव कौशल विकास सी. रविशंकर ने बताया कि विभाग ने 13 जिलों के ब्लॉक में युवा कौशल सर्वेक्षण करवाया। राज्य के 28236 परिवारों के 47314 युवाओं का सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण में युवाओं से कौशल विकास से सम्बन्धित क्षेत्रों के साथ–साथ विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त की गई। बताया कि ये सर्वेक्षण विभाग की भविष्य की नीतियों को तैयार करने में सहायक सिद्ध होगा।कहा कि 19 आईटीआई और टाटा मोटर्स पंतनगर के बीच दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली के तहत एमओयू किया गया है। टाटा मोटर्स के प्रतिनिधि दीपक मोहाले ने बताया कि प्रशिक्षण के तहत आधी ट्रेनिंग आईटीआई में दी जाएगी। आधी ट्रेनिंग टाटा मोटर्स में दी जाएगी। ट्रेनिंग के दौरान टाटा मोटर्स की ओर से प्रशिक्षणार्थियों को 8000 रुपए हर महीना दिया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ डीसी बड़ोनी, संयुक्त निदेशक रश्मि हलधर, गोपाल गुप्ता, पंकज कुमार, चन्द्रकान्ता आदि मौजूद रहे।

# जनता के विरोध को देखते हुए डीएम ने व्यासघाट में ठेका न खोले जाने के दिये निर्देश

### एसडीएम एवं जिला आबकारी अधिकारी को जांच के दिए आदेश, रिपोर्ट आने पर की जाएगी अग्रिम कार्यवाही

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : कोट विकासखंड के व्यासघाट स्थित विदेशी शराब की दुकान खोलने की विज्ञप्ति जारी होने पर क्षेत्रवासियों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान को ज्ञापन सौंपा।



ग्रामीणों ने कहा कि व्यास घाट एक गंगा नदी में नावलिका यथा नयार नदी का संगम है जिसे इंद्र प्रयाग के नाम से भी पुराणों में उपमा दी गई यह क्षेत्र तीन विकास खंडों का पैतृक घाट भी है, इसके अलावा वेदों के रचयिता भगवान महर्षि व्यास का प्राचीन मंदिर है। व्यास घाट व्यास चट्टी अनेकों धार्मिक, पौराणिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा है। यह स्थान चारधाम पैदल मार्ग का एक मुख्य पड़ाव भी है। इस धार्मिक पर्यटन स्थान पर विदेशी मंदिरा की दुकान खोलना शुभ संकेत नहीं है। जिलाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए व्यासघाट में शराब का ठेका न खोले जाने के निर्देश दिये। साथ ही उपजिलाधिकारी और जिला आबकारी अधिकारी को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई कर सूचना उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। गौरतलब है कि जनपद में नए खोले जाने वाले 6 नई मंदिरा की दुकान में से एक के लिए व्यासघाट क्षेत्र में स्थान चिन्हित किया गया था, जिसका क्षेत्रवासियों और आसपास के ग्रामीणों द्वारा विरोध हो रहा था। इसी के चलते शुक्रवार को क्षेत्रवासियों ने कलेक्ट्रेट में विरोध किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में ग्राम पंचायत नौगांव की प्रशासक अनीता देवी, पूर्व प्रधान राम तीरथ बिष्ट, समाजिक कार्यकर्ता संजय बिष्ट, विधायक प्रतिनिधि कृष्ण मोहन तड़ियाल, कमलेश चौहान, बृजमोहन पोखरियाल, रामचंद्र सिंह, हेमंती देशवाल, स्वामी पुरूषोतम देव, अनिल चौहान, उप प्रधान सुनील तड़ियाल, रेखा देवी, पूजा देवी, पार्वती देवी, सुलोचना देवी, बलवंत सिंह रावत आदि शामिल थे।

### स्कूल स्तरीय चयन ट्रायल 2 अप्रैल से

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना और प्रोत्साहन योजना के ट्रायल को सफल बनाने को लेकर रणनीति बनाई गई।

शुक्रवार को इंडोर स्टेडियम में आयोजित बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी रणजीत सिंह नेगी, जिला खेल अधिकारी संदीप डुकलान व खेल समंवयक ने बताया कि उदीयमान योजना के स्कूल स्तरीय चयन ट्रायल 2 से 3 अप्रैल, न्याय पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका व नगर निगम के चयन ट्रायल 4 से 5 अप्रैल, विकासखंड स्तरीय 7 से 8 अप्रैल व जिला स्तरीय 10 से 14 अप्रैल के मध्य किए जाएंगे। जबकि मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना में नगर पालिका, नगर निगम व ब्लाक स्तर के चयन ट्रायल 16 से 19 अप्रैल, जिला स्तरीय 21 से 24 अप्रैल तक किए जाएंगे।

## मोटर मार्ग का डामरीकरण न होने से ग्रामीणों में आक्रोश

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : थलीसैंण ब्लाक के ताराकुंड मोटर मार्ग का डामरीकरण नहीं होने पर स्थानीय ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। मोटर मार्ग के डामरीकरण नहीं होने से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण हर दिन जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर है। ग्रामीणों ने डीएम के माध्यम से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी को ज्ञापन भेजकर जल्द ही मोटर मार्ग का डामरीकरण करने की मांग उठाई है। शुक्रवार को स्थानीय ग्रामीण एवं राज्य आंदोलनकारी देवानंद नौटियाल ने ज्ञापन भेजते हुए कहा कि 12 साल पहले यह मोटर मार्ग बनाया गया। मोटर मार्ग के डामरीकरण नहीं होने से सिरतोली, ढौला, ओडी, खील, डोवरा, पडाल, उपरैसैंण के ग्रामीणों को आवाजाही करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जल्द ही डीपीआर को स्वीकृत करवाते हुए मोटर मार्ग का डामरीकरण करने की मांग की।

### शिविरों के माध्यम से जरूरतमंदों का मिल रहा लाभ: उदय

नई टिहरी। सेवा, सुशासन और विकास के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चंबा और नरेंद्रनगर ब्लॉक में आयोजित बहुउद्देशीय और चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों के विभिन्न प्रमाण पत्र बनाकर बेहतर कार्य करने वाले किसानों और उद्यमियों को प्रमाणपत्र भेंट कर सम्मानित किया। चंबा ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम का शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत शुभारंभ कर कहा कि सरकार जनता को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इस तरह के शिविर लगा रही है ताकि जरूरतमंदों को आसानी से लाभ मिल सके। कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में समान नागरिक संहिता, सख्त भू–कानून, नकल विरोधी कानून, महिलाओं, खिलाड़ियों, राज्य आंदोलनकारियों को सरकारी नौकरी में आरक्षण देने का प्रावधान किया है।

# अगर मदद करने में खुशी मिलती है तो आप सफल इंसान: राधा रतूड़ी

देहरादून। सेंट जॉर्ज कॉलेज मसूरी में शुक्रवार को आयोजित व्याख्यान में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि अगर आपको दूसरों की मदद करने में खुशी मिलती है तो आप सफल इंसान है। एक छात्र को अपने जीवन में इस बात को उतारना चाहिए। यह उसकी सबसे बड़ी सफलता होगी।

राधा रतूड़ी ने अपने व्याख्यान में कहा कि हमारा समाज आज भी एक पुरुष–प्रधान है। यहां लड़कों को ज्यादा तव्वजो दी जाती है, उन्हें महत्वपूर्ण माना जाता है और लड़कियों की उपेक्षा होती है। लेकिन यह समझ लेना चाहिए कि लड़कियों के साथ–साथ लड़कों को भी घर के कामों को सीखना चाहिए। यह बहुत जरूरी है। नहीं तो जरूरत के समय हमें दूसरों का मुंह ताकना पड़ेगा। उन्होंने सफलता के मायने भी छात्रों को बताया और कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। छात्रों ने इस दौरान राधा रतूड़ी ने सवाल भी पूछे।

सेंट जॉर्ज कॉलेज में कौनफ्लूऐंशियल सीरीज के व्याख्यान का यह लगातार दूसरा साल है। प्रधानाचार्य रमेश अमलानाथन ने कहा कि राधा रतूड़ी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उप–प्रधानाचार्य एवं स्पोर्टस सेक्रेटरी ब्रदर फिलिक्स कुमार, भवनेश नेगी, मार्क गौनसाल्विस, पीडी जायसवाल, जूलियाना डिसूज़ा, स्टॉर्मी हज़ारिका, पल्लवी गोयल मौजूद रहे।

### यूपीएस के खिलाफ एक अप्रैल को पूरे प्रदेश में प्रदर्शन

देहरादून। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा की शुक्रवार को हुई ऑनलाइन बैठक में आंदोलन की रणनीति बनी। तय हुआ कि एक अप्रैल को प्रदेश भर में यूपीएस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन होंगे। पुरानी पेंशन बहाली को दबाव बनाया जाएगा। प्रदेश प्रभारी विक्रम सिंह रावत ने कहा कि एक अप्रैल को पूरे प्रदेश में यूपीएस का पुतला दहन होगा।

कर्मचारी अपने कार्यालयों में काली पट्टी बांध कर विरोध दर्ज करेंगे। रात आठ बजे से नौ बजे तक अपने घरों की लाइट बंद रखी जाएगी।

कहा कि सरकार कर्मचारियों को एनपीएस, यूपीएस के नाम पर बांटने का काम कर रही है। यूपीएस को उत्तराखंड में लागू नहीं होने दिया जाएगा। बैठक में माखन लाल, केदार फर्स्वाण, रविन्द्र उनियाल, त्रिलोक सिंह रावत, अमित ममगाईं मौजूद रहे।

# शराब की दुकान के विरोध में क्रमिक अनशन, रामायण पाठ के साथ शुरू हुआ नौवां दिन

अल्मोड़ा। बिनसर महादेव धाम के निकट सोनी देवलीखेत और जालिखान में शराब की दुकान खोले जाने के विरोध में चल रहे क्रमिक अनशन का नौवां दिन अखंड रामायण पाठ के साथ शुरू हुआ। कृषक कृषि बागवानी और उद्यमी संगठन के महासचिव दीपक करगेती के समर्थन में पहुंचे युवाओं ने अनशन स्थल पर रामायण पाठ किया, जिसके बाद सभी अनशनकारियों को प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही सरकार को सद्बुद्धि देने के लिए विशेष प्रार्थना भी की गई। दीपक करगेती ने कहा कि "नशा हटाओ, पहाड़ बचाओ" का नारा देने वाले रानीखेत के विधायक अब शराब के ठेके खुलवाने में लगे हैं। पूरे विधानसभा क्षेत्र में उनके इशारे पर जगह–जगह शराब के ठेके खोले जा रहे हैं। क्षेत्र की माताएं खुद को



इस दोहरे व्यवहार से ठगा हुआ महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बीते तीन वर्षों में क्षेत्र में शराब तस्करों का बोलबाला काफी बढ़ गया है। प्रशासन की नाक के नीचे विधानसभा क्षेत्र में तस्करों की गैंग सक्रिय है। पंचायत चुनाव नजदीक हैं और ऐसे में शराब की तस्करी और अधिक बढ़ने की आशंका है। प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए और जिम्मेदारी तय करनी चाहिए। ग्राम प्रधान विक्रम उपाध्याय ने कहा कि सोनी देवलीखेत पवित्र बिनसर धाम क्षेत्र का हिस्सा है, जहां पर्यटन को बढ़ावा देने की आवश्यकता थी ताकि ग्रामीणों को रोजगार मिल सके। लेकिन सरकार इस क्षेत्र में नशे का कारोबार शुरू कर ग्रामीणों को बर्बादी की ओर धकेल रही है। युवा तरुण उपाध्याय ने कहा कि पहाड़ों में गांव–गांव से पलायन चरम पर है, लेकिन इसके समाधान के लिए सरकार के पास कोई ठोस नीति नहीं है। इसके विपरीत, शराब नीति हर गांव तक पहुंचा दी गई है। आंदोलन को समर्थन देने के लिए क्षेत्र पंचायत सदस्य अमित पांडे, जगदीश उप्रेती, कैलाश उप्रेती, हिमांशु आर्या और जिला पंचायत सदस्य शोभा रौतेला सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# डीएम अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता एसएसपी की उपस्थिति में आज ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जहां सड़क सुरक्षा हेतु रखे गए प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करते हुए मौके पर फंड स्वीकृत किए गए वहीं सख्त निर्देश दिए गए कि सड़क सुरक्षा समिति लाए गए प्रस्तावों पर त्वरित कार्यवाही की जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा समिति, जीवन रक्षा के सामान्तर है, जो निर्णय इस घड़ी में हो गया, वह अन्तिम हैं जो लागू माना जाए। उन्होंने अधिकारियों को कड़े शब्दों में कहा कि दिखाते हैं, कराएंगे, की प्रवृत्ति से बाज आए, सुरक्षा समिति इतिश्री नही है। उन्होंने कहा कि जीवन रक्षा समिति के निर्णय, अपने–आप में परिपूर्ण, किसी भी अन्य एजेंसी या प्राधिकारी की सभी अगर–मगर अमान्य हैं। सड़क सुरक्षा समिति ने स्पीड ब्रेकर, डिवाइडर, टेजफिक लाईट, लगाने तथा समिति द्वारा यातायात को बाधित करने



तथा दुर्घटना संभावित वाले स्थानों पर चिन्हित खम्बे, ट्रांस्फारमर्स व 4 वाईन शॉप अनिवार्यतः हटाये जाएगें। खराब कैमरों पर एचपी को पेनल्टी लगाई तथा पीआईयू को टाइम अल्टीमेटम दिया गया। खराब कैमरों पर एचपी को पेनल्टी लगाई तथा पीआईयू को टाइम अल्टीमेटम दिया गया। सड़क सुरक्षा समिति के आदेशों की अवेलना पर सम्बन्धित एचओडी सुप्रीम कोर्ट प्रर्वतन समिति के गुनेहगार होंगे, यह बात जहन में रखे अधिकारी। एनएच को आशारोड़ी पर 25 अप्रैल तक हाईमास्क लाईट, लगाने के कड़े निर्देश भी दिए। बैठक में एसपी यातायात ने पुलिस के सभी कैमरे स्मार्ट कन्ट्रोलरूम से लिंक होने पर डीएम का आभार व्यक्त किया।जिलाधिकारी ने 22 स्थानों पर दुर्घटना के कारक बनते विद्युत पोल शिफ्ट करने के निर्देश यूपीसीएल के अधिकारियों को देते हुए कहा कि अगली बैठक से पूर्व सुधार दिखना चाहिए। डीएम ने पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को ओवर स्पीड पर निंरतर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने किमाड़ी मोटर मार्ग के सुधारीकरण तथा यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु प्रस्ताव आते ही फंड की स्वीकृति प्रदान की गई। जहां किमाड़ी मोटर मार्ग सुधार को 40 लाख तथा पुलिस को यातायात सुधार के विद्युत पोल शिफ्ट, लेफ्टटर्न फ्री, पुलिस बूथ शिफ्ट, सर्विस लेन, स्लीप वे निर्माण, डिवाईडर रि–डिजाईन आदि कार्यो को मौके पर स्वीकृति 10 लाख फंड की स्वीकृति प्रदान की गई। डीएम ने जिलाधिकारी शहर की राजपुर रोड, चकराता रोड, हरिद्वार रोड सहरनुपर सहित समुचित मागो पर दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हिकरण करते हुए त्वरित सुधार के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सड़क

## अवैध खनन को बढ़ावा दे रहे हैं अफसर: यशपाल

देहरादून, खनन को लेकर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने शासन पर गंभीर सवाल उठाए। अफसरों पर अवैध खनन को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। कहा कि अफसरों की मिलीभगत से पहाड़ से लेकर मैदान तक अवैध खनन को बढ़ावा दिया जा रहा है।आर्य ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री, हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने संसद में अवैध खनन का मुद्दा उठाया। इससे कांग्रेस की ओर से लगाए जा रहे अवैध खनन के आरोपों की पुष्टि होती है। कांग्रेस लगातार कहती आ रही है कि उत्तराखंड में जीवनदायिनी नदियां अवैध खनन का शिकार हो रही हैं। मशीनों से नदी का सीना चीरा जा रहा है। जब नदियों में मशीनों से खनन पूरी तरह से प्रतिबंधित है, तो फिर प्रदेश में पोकलैंड मशीनों से यह अवैध खनन कैसे चल रहा है?

कहा कि बागेश्वर कांडा क्षेत्र में अवैध खड़िया खनन के मामले में उत्तराखंड हाईकोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा। पर्यावरणीय क्षति, घरों में आई दरारों और प्रभावित ग्रामीणों की पीड़ा के बावजूद सरकार ने आंखें मूंदे रखीं हैं। हाईकोर्ट का खनन पर रोक जारी रखते हुए 160 खनन पट्टाधारकों को नोटिस जारी करना एक बड़ा कदम है। कहा कि सरकार ने रिवरबेड माइनिंग करने वालों से रॉयल्टी और दूसरे टैक्स वसूलने समेत अवैध खनन पर लगाम लगाने का काम, शक्तियां निजी हाथों में सौंप दी हैं। खनन रॉयल्टी संग्रह के काम के लिए हैदराबाद स्थित निजी कंपनी पावर मेक प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को आउटसोर्स किया गया है।

कहा कि भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है कि उत्तराखंड में अवैध खनन जुर्माना की 1386 करोड़ की वसूली सरकार नहीं कर पाई।


## उत्तर रेलवे

**मुरादाबाद मंडल उत्तर रेलवे के NSG-6 श्रेणी के 37 स्टेशनों पर "स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट" (एस टी बी ए) की नियुक्ति के लिए निविदा निमंत्रण की सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे मुरादाबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत विभिन्न "NSG-5" एवं "NSG-6" श्रेणी के स्टेशनों पर कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकट प्रणाली (यु.टी.एस) द्वारा अनारक्षित रेल टिकटों को जारी करने हेतु तीन वर्ष के लिए स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एस.टी.बी.ए) की नियुक्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों जो कि निविदा की नियम व शर्तें पूर्ण करते हो से दिनांक 24.04.2025 के 15:00 बजे तक निविदा आमंत्रित किये जायेंगे और 15:10 बजे खोला जायेगा। **निम्नलिखित "NSG-5" एवं "NSG-6" श्रेणी के 37 स्टेशनों पर संविदा पर "एसटीबीए" की नियुक्ति की जानी है:–**

| क्र. सं. | स्टेशन | कोड | राज्य | स्टेशन की श्रेणी | क्र. सं. | स्टेशन | कोड | राज्य | स्टेशन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | काफूरपुर | KFPR | उ० प्र | NSG-6 | 20 | कौढा | KUF | उ० प्र | NSG-6 |
| 2 | बेहटागोकुल | BEG | उ० प्र | NSG-6 | 21 | मुडापांडेय | MPH | उ० प्र | NSG-6 |
| 3 | बंथरा | BTRA | उ० प्र | NSG-6 | 22 | स्नेह रोड | SNX | उ० प्र | NSG-6 |
| 4 | खरखौदा | KXK | उ० प्र | NSG-6 | 23 | कुचेसर रोड | QXR | उ० प्र | NSG-6 |
| 5 | बघौली | BGH | उ० प्र | NSG-6 | 24 | रहीमाबाद | RBD | उ० प्र | NSG-6 |
| 6 | बरेली कैन्ट | BRYC | उ० प्र | NSG-6 | 25 | सिम्भौली | SMBL | उत्तराखंड | NSG-6 |
| 7 | जहानी खेडा | JKH | उ० प्र | NSG-6 | 26 | उमरताली | UTA | उ० प्र | NSG-6 |
| 8 | मसीत | MST | उ० प्र | NSG-6 | 27 | कहिलिया | KH | उत्तराखंड | NSG-6 |
| 9 | टिसुआ | TSA | उ० प्र | NSG-6 | 28 | हाफिजपुर | HZR | उ० प्र | NSG-6 |
| 10 | कलटटरबकगंज | CBJ | उ० प्र | NSG-6 | 29 | रसुइया | RYS | उ० प्र | NSG-6 |
| 11 | टोडपुर | TDP | उ० प्र | NSG-6 | 30 | काकोरी | KKJ | उ० प्र | NSG-6 |
| 12 | मुर्शदपुर | MSDR | उ० प्र | NSG-6 | 31 | इक्कड | IKK | उ० प्र | NSG-6 |
| 13 | महरौली | MFH | उ० प्र | NSG-6 | 32 | ऐथल | ATMO | | NSG-6 |
| 14 | डासना | DS | उ० प्र | NSG-6 | 33 | मलीहाबाद | MLD | उ० प्र | NSG-6 |
| 15 | बाबूगढ | BBO | उ० प्र | NSG-6 | 34 | सीतापुर सीटी | SPC | उ० प्र | NSG-6 |
| 16 | करना | KAR | उ० प्र | NSG-6 | 35 | रायवाला | RWL | उत्तराखंड | NSG-5 |
| 17 | दलेलनगर | DLQ | उ० प्र | NSG-6 | 36 | आंवला | AO | उ० प्र | NSG-5 (Evening Shift) Timing: 16:00-24:00 & (Night Shift) Timing: 00-08:00 |
| 18 | काकाठेर | KHE | उ० प्र | NSG-6 | 37 | पिलाखुआ | PKW | उ० प्र | NSG-5 |
| 19 | दिलावरनगर | DIL | उ० प्र | NSG-6 | | | | | |

निविदा फॉर्म और उसके शर्तें उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** से भी डाउनलोड किये जा सकते हैं, ठेके के लिए निविदा फॉर्म नियम एवं शर्तों सहित विस्तृत जानकारी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के कार्यालय से दिनांक 23.04.2025 को 17:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है, जिसके लिए निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 1180/–) रु. 1000 रु. + जीएसटी (%18 @ सहित (का भुगतान करना होगा। निविदा फॉर्म दिनांक 24.04.2025 को 15:00 बजे तक स्वीकृत किए जाएंगे और 15:10 बजे खोला जाएगा। डाउनलोड किए गए निविदा फॉर्म के साथ निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 1180/– (रु. 1000 रु. + जीएसटी @) 18%) का डिमांड ड्राफ्ट संलग्न करना होगा जो कि "वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक" उत्तर रेलवे, मुरादाबाद (Sr. DFM/NR/Moradabad) के नाम देय होगा, अन्यथा निविदा रद्द कर दी जाएगी। आवेदक यदि NSG-5 श्रेणी के स्टेशन के लिए आवेदन करते है तो रु. 5000/– की धरोहर राशि एवं यदि NSG-6 श्रेणी के स्टेशन के लिए आवेदन करते है तो रु. 2000/– की धरोहर राशि डिमांड ड्राफ्ट के रूप में संलग्न करनी होगी जो कि ""वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक" उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के नाम देय होगा। **नोटः** पूर्ण धरोहर राशि, निविदा प्रपत्र का मूल्य और सभी अन्य अपेक्षित कागजात (स्वयं सत्यापित) के बिना जमा किये गए आवेदन प्रपत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। यदि निविदा खोलने वाले दिन 24.04.2025 को अवकाश घोषित हो जाता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जाएगी। **फाइल: 1/STBA/POLICY/MB/2022/C** 979/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


# काली पट्टी बांधकर वक्फ बिल का विरोध किया

देहरादून। वक्फ संशोधन बिल 2025 के विरोध में शुक्रवार को अलविदा जुमा के मौके पर मुस्लिम सेवा संगठन से जुड़े लोगों ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। राजधानी दून की अधिकांश मस्जिदों में संगठन के कार्यकर्ताओं ने एकजुटता के साथ अपना एतराज जताया।

जामा मस्जिद पल्टन बाज़ार में मुस्लिम सेवा संगठन के अध्यक्ष नईम कुरैशी एवं उपाध्यक्ष आकिब कुरैशी उर्फ अक्की के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और नमाजियों ने विरोध किया। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष नईम कुरैशी ने कहा कि मुस्लिम सेवा संगठन वक्फ संशोधन बिल का पुरजोर विरोध करता है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के हर निर्देश का पालन किया जायेगा।

साथ ही मुस्लिम सेवा संगठन यूसीसी और अवैध तरीके से सील किये जा रहे मदरसों और असंवैधानिक कार्यवाही का भी विरोध करता है। संगठन के उपाध्यक्ष आकिब कुरैशी ने कहा कि मदरसों पर हो रही अन्यायपूर्ण एवं असंवैधानिक कार्रवाई को तुरंत रोका जाना चाहिए।

# कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर टोल प्लाजा को हटाने की मांग

देहरादून।हरिद्वार हाईवे के लच्छीवाला टोल पर हुए हादसे के बाद टोल प्लाजा को हटाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। शुक्रवार को कांग्रेसियों ने एनएचएआई के वसंत विहार स्थित कार्यालय पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने टोल प्लाजा को इस स्थान से हटाने की मांग की है। साथ ही एक अप्रैल से टोल टैक्स वृद्धि को भी वापस लेने की मांग की है। कार्यक्रम संयोजक गौरव चौधरी ने कहा कि लच्छीवाला टोल प्लाजा पर लगातार हादसे हो रहे हैं। सोमवार को हुए हादसे में दो लोगों की जान गई है। उन्होंने कहा कि यह टोल प्लाजा गलत स्थान पर बना हुआ है। हाईवे पर ढलान होने के कारण टोल प्लाजा पर भारी वाहनों की गति नियंत्रित नहीं हो पा रही है, जिससे हादसे हो रहे हैं। उन्होंने टोल प्लाजा को इस स्थान से हटाकर अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की है। कहा कि जब तक टोल प्लाजा स्थानांतरित नहीं होता तब तक ट्रक और बस के लिए एक अलग लेन बनाई जाए, टोल प्लाजा के दोनों तरफ सुरक्षात्मक कार्य करने की भी मांग की है। पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि एक ओर केंद्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की ओर से टोल प्लाजा से 20 किमी परिधि में रहने वाली जनता को टोल टैक्स में छूट देने की बात की जा रही है, वहीं, दूसरी ओर से लोगों से मनमाना टोल टैक्स वसूला जा रहा है, जिसका विरोध किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में पूर्व विधायक राजकुमार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित उनियाल, पूर्व मेयर प्रत्याशी विरेंद्र पोखरियाल, गन्ना समिति के अध्यक्ष मनोज नौटियाल, पूर्व पार्षद रमेश कुमार मांगू, सोनू तिवारी, पीयूष गौड़, जितेंद्र कुमार, रणजीत सिंह, जिला अध्यक्ष पंचायत राज प्रकोष्ठ सागर मनवाल, निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य अश्वनी बहुगुणा, मोहित नेगी, पूर्व प्रधान राजवीर सिंह नेगी, सुनील दत्त, प्रकाश सिंह नेगी, वीरेंद्र थापा, माधव सिंह, रितेश क्षेत्री, विनीत प्रसाद बंटू, जीतू कुमार, प्रदीप रावत मौजूद रहे।

# राइंका पौंठी के वार्षिकोत्सव में स्पंदन पत्रिका का लोकार्पण

रुद्रप्रयाग। पीएम श्री राइंका पौंठी सिलगढ़ के शुक्रवार को आयोजित वार्षिकोत्सव में छात्र–छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। मौके पर विद्यालय पत्रिका 'स्पंदन' तृतीय अंक का लोकार्पण भी किया गया। जबकि मेधावी छात्रों को पुरस्कार भी बांटे गए। शुक्रवार को मुख्य शिक्षाअधिकारी रुद्रप्रयाग प्रमेन्द्र कुमार बिष्ट एवं खंड शिक्षा अधिकारी जखोली यशवीर सिंह रावत सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।

इस दौरान विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों में समां बांध दिया। लोकनृत्य, संगीत, नाटक एवं कविताओं ने दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि सीईओ प्रमेन्द्र कुमार बिष्ट एवं विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी यशवीर सिंह रावत




ने अपने संबोधन में विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए छात्रों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यालय पत्रिका 'स्पंदन' को विद्यार्थियों की रचनात्मकता एवं अभिव्यक्ति का उत्कृष्ट मंच बताया। प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों,शिक्षकों और अभिभावकों का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'स्पंदन' पत्रिका छात्रों के लेखन कौशल और सृजनात्मकता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।


**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com